

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 30 अप्रैल 2025 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-3 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-032 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 1 मई 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

### साय कैबिनेट का बड़ा फैसला

## नौकरी से हटाए गए गए बीएड शिक्षक बनाए जाएंगे प्रयोगशाला सहायक

रायपुर,30 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ सरकार ने 2023 की सीधी भर्ती में सेवा समाप्त किए गए 2621 बी.एड. डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों को बड़ी राहत दी है। अब इन सभी शिक्षकों को सहायक शिक्षक (विज्ञान प्रयोगशाला) के पद पर समायोजित किया जाएगा। यह फैसला राज्य कैबिनेट की बैठक में लिया गया। सरकार के इस फैसले से न सिर्फ हजारों शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षा मिली है, बल्कि स्कूलों में विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक शिक्षा को भी मजबूती मिलेगी। लंबे समय से समायोजन की मांग कर रहे शिक्षकों और उनके परिवारों में इस निर्णय से खुशी की लहर है।

### जानें क्या है मामला?

सर्वोच्च न्यायालय ने 11 अगस्त 2023 को आदेश दिया था कि B.Ed प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की नियुक्तियां केवल 11 अगस्त 2023 से पहले तक ही मान्य होंगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश की पालना के लिए D.Ed अभ्यर्थियों ने छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की शरण ली और B.Ed प्रशिक्षित अभ्यर्थियों की नियुक्तियां खारिज करने की मांग की. इस पर B.Ed प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने भी याचिका लगाई. छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने 10 दिसंबर 2024 को एक महत्वपूर्ण आदेश दिया कि प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्ति के लिए डीएड उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस फैसले के बाद बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की सेवाएं समाप्त करने का आदेश जारी किया गया। इन शिक्षकों का कहना था कि सरकार ने भर्ती विज्ञापन में दोनों योग्यताओं को मान्यता दी थी, फिर बीएड शिक्षकों को बाहर करना अन्यायपूर्ण है।

**अब मुहूर्त और मंच का इंतजार...**

**बर्खास्त सहायक शिक्षक प्रयोगशाला सहायक पद पर नियुक्त किए जाएंगे**

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर, 14 अप्रैल। छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार ने सांय सांय न सही लेकिन अंतिम रूप से यह फैसला कर लिया है कि सेवा से बर्खास्त सहायक शिक्षकों को प्रयोगशाला सहायक पद पर बहाली की जाएगी। प्रशासनिक अड़ंगेबाजी को दरकिनार करते हुए मुख्यमंत्री ने अपनी दृढ़ता से यह फैसला किया है। अब किसी भी दिन एक समारोह आयोजित कर मुख्यमंत्री साय इसकी घोषणा करेंगे,संभव है उसी दिन नियुक्ति पत्र भी सौंपें।

मैराथन बैठकों के बाद मुख्यमंत्री द्वारा आहूत बैठक में मुख्यमंत्री साय ने सबकी सुनने के बाद दो टूक फैसला सुनाया कि सभी बर्खास्त सहायक शिक्षकों की बहाली प्रयोगशाला सहायक पद पर की जाएगी। इसी बैठक में सचिव मुकेश बंसल की राय इतर थी उनका मत था कि अन्य विकल्पों पर विचार किया जाना चाहिए।

इससे पूर्व मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने शिक्षा, वित्त, सामान्य प्रशासन सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक बुलाकर सवाल किया कि आंदोलनरत बर्खास्त सहायक शिक्षकों को शिक्षा विभाग पर ही क्यों बहाल किया जाए? उन्होंने बस्तर संभाग में विभिन्न विभागों में रिक्त पदों की सूची पढ़ कर सुनाया और पूछा कि इन पदों पर नियुक्ति क्यों नहीं की जा सकती? बैठक में चुप्पी छाई किसी को कुछ बोलते नहीं बना लेकिन कोई सहमत भी नजर आया।

खैर एक लम्बे और शालीन संघर्ष की सुखद परिणति होने जा रही है। तरुण छत्तीसगढ़ ने पहले ही बर्खास्त सहायक शिक्षकों की बहाली प्रयोगशाला सहायक शिक्षक पद पर करने का सुझाव रखा था और आखिरकार सुझाव के अनुरूप बहाली होने जा रही है।

... पृष्ठ 3 पर जारी ...

## करेंगुट्टा पहाड़ पर एंटी नक्सल ऑपरेशन तेज

### हेलीकॉप्टर की सहायता से उतरे 500 जवानों ने किया पहाड़ पर कब्जा

जगदलपुर,30 अप्रैल। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर स्थित करेंगुट्टा पहाड़ पर एंटी नक्सल ऑपरेशन का आज 9वां दिन है। फोर्स ने पहाड़ पर कब्जा कर लिया है। यहां हेलीकॉप्टर की सहायता से 500 जवानों को उतारा गया, जिसका वीडियो भी सामने आया है। पहले इस ऑपरेशन में सिर्फ छत्तीसगढ़ पुलिस, तेलंगाना पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स शामिल थी। वहीं अब बिहार और झारखंड के सेंट्रल सुरक्षाबल के जवानों की भी करेंगुट्टा पहुंचने की जानकारी सामने आई है। बता दें कि नक्सलियों के लिए सुरक्षित माने जाने वाला करेंगुट्टा पहाड़ का पूरा इलाका बीहड़ है। यहां का तापमान अभी 40 से 45 डिग्री के बीच है। ऑपरेशन के दौरान तेज गर्मी से कई जवान डिहाइड्रेशन के शिकार हुए तो दो जवान नक्सलियों के लगाए आईईडी से घायल भी हुए है। वहीं, जवानों ने तीन महिला नक्सलियों को ढेर किया है। कुल मिलाकर, लगभग 10 से 12 हजार जवान इस ऑपरेशन में हिस्सा ले रहे हैं, जो नक्सलियों को घेरने और उनके बंकरों को ध्वस्त करने में जुटे हैं। फोर्स के अफसरों ने बताया कि अभी ऑपरेशन को रोका नहीं जाएगा, ऑपरेशन जारी रहेगा। करेंगुट्टा से लगे दो और पहाड़ हैं, जिस पर भी फोर्स कब्जा करेगी। भोपालपटनम इलाके के पहाड़ पर कब्जे के बाद भोपालपटनम की ओर से भी आवाजाही शुरू की जाएगी। करेंगुट्टा में जारी नक्सल ऑपरेशन के बीच आईबी चीफ तपन डेका ने छत्तीसगढ़ में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में तय किया गया कि ऑपरेशन जारी रहेगा और फोर्स को बैकअप के लिए दूसरे जिलों से भी बुलाया जाएगा। करेंगुट्टा पहाड़ पर चल रहे बड़े नक्सल ऑपरेशन को रोकवाने के लिए तेलंगाना शांतिवार्ता के सदस्य ने सीएम रेवंत रेड्डी से मुलाकात की। उन्होंने सीएम से ऑपरेशन रोकने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बनाने का अनुरोध किया, जिस पर सीएम ने पहल करने का आश्वासन दिया।

## तरुण छत्तीसगढ़ ने वृद्धाश्रम में मनाया स्थापना दिवस

### धरती के भगवान हैं बुजुर्ग : संजय

### इनकी सेवा में ही सच्चा सुख : प्रमोद






रायपुर ■ तरुण छत्तीसगढ़

सांध्य दैनिक तरुण छत्तीसगढ़ ने सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करने अपने 40वें स्थापना दिवस को सुंदर नगर स्थित वृद्धाश्रम प्रशामक देखरेख गृह में मनाया। इस गृह का संचालन ग्रास रूट सोसायटी की श्रीमती ममता शर्मा कर रही हैं। तरुण छत्तीसगढ़ परिवार ने आज का दिन बुजुर्गों के साथ व्यतीत करते हुए उनके साथ गपशप भी की। इस पारिवारिक कार्यक्रम में छग नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव तथा नगर निगम के पूर्व महापौर एवं सभापति प्रमोद दुबे मौजूद थे। श्रीवास्तव व दुबे ने तरुण छत्तीसगढ़ की ओर से सभी बुजुर्गों (महिला-पुरुष) को वस्त्र एवं फल भेंट में प्रदान कर स्वल्पाहार कराया। अतिथियों ने वृद्धाश्रम का भ्रमण कर बुजुर्गों से बातचीत कर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव ने कहा कि माता-पिता भगवान के रूप होते हैं। बुजुर्ग अनुभव का खजाना है। इनकी सेवा में ही सच्चा सुख है। वास्तव में बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम का संचालन पुण्य का काम है। ममता शर्मा को इस कार्य के लिए बधाई है। प्रमोद दुबे ने कहा कि घर से बेघर किए गए इन बुजुर्गों को अब एक सुरक्षित व सुविधाजनक आश्रय मिल गया है। तरुण छत्तीसगढ़ ने जो सेवा भावना का नजारा दिखाया है वह अनुकरणीय है। बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान लाना सबसे बड़ा काम है। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आकांक्षा दुबे ने किया। इस अवसर पर श्रीमती ममता शर्मा, प्रकाश शर्मा, संकल्प मिश्रा, स्नेहा पाण्डेय, नरेन्द्र चौहान, जावेद खान आदि मौजूद थे। तरुण छत्तीसगढ़ के प्रधान संपादक श्री कौशल किशोर मिश्रा ने बुजुर्गों के स्वस्थ व खुशहाल जीवन का संदेश प्रेषित करते हुए कहा कि तरुण छत्तीसगढ़ सामाजिक सरोकारों का निर्वहन करते रहेगा। गत वर्ष अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में मूक बधिर बच्चों के साथ स्थापना दिवस मनाया गया था।

## आईसीएसई बोर्ड 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी

नई दिल्ली,30 अप्रैल। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन यानी आईसीएसई बोर्ड 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी हो गया है। छात्र cisce.org और results.cisce.org पर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। जो छात्र अपने अंकों से संतुष्ट नहीं हैं और अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं, वो अधिकतम दो विषयों के लिए सुधार परीक्षा दे सकते हैं। आईसीएसई बोर्ड ने इस बार 10वीं और 12वीं के टॉपर्स के नामों की घोषणा नहीं की है। पिछले साल बोर्ड ने छात्रों के बीच 'अनहेल्दी कॉम्पिटीशन' से बचने के लिए टॉपर्स के नामों की घोषणा बंद करने का फैसला किया था।

## छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ऑनलाइन किराया लेने वाला भारत का पहला राज्य



**सलीम राज बोले- बिचौलिये होंगे खत्म, गरीब जरूरतमंद मुसलमानों का होगा उत्थान**

रायपुर,30 अप्रैल। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड देश का ऐसा पहला वक्फ बोर्ड बन गया है., जो अब वक्फ संपत्ति का किराया ऑनलाइन लेगा. छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने इस संबंध में निर्देश जारी करते हुए बताया कि वक्फ की संपत्ति और वक्फ बोर्ड के बीच बिचौलियों को खत्म करने के लिए यह निर्णय लिया गया है. इस निर्णय के तहत प्रदेश के सभी जिलों की मस्जिदों का अकाउंट ऑनलाइन खुलवाया गया है. उन्होने बताया कि नए निर्देश के अनुसार, जितने भी किरायेदार हैं, उन्हे पेमेंट कैसे करना है, उनके दिए गए किराए के पैसों का क्या उपयोग होगा, यह भी बताया गया है. सलीम राज ने कहा कि छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के पास अब तक 5 लाख रुपए भी किराया नहीं आता था. लेकिन अब ऑनलाइन व्यवस्था से सैकड़ों-करोड़ों में किराया आने की पूरी उम्मीद है. वक्फ बोर्ड की आमदनी बढ़ेगी, तो गरीब और जरूरतमंद मुसलमानों का उत्थान होगा.

## भारतमाला परियोजना घोटाला: दशमेश बिल्डर्स के दफ्तर पहुंची ईओडब्लू की टीम

रायपुर,30 अप्रैल। छत्तीसगढ़ में भारतमाला परियोजना में 220 करोड़ का मुआवजा घोटाला मामले को लेकर ईओडब्लू ने एक और बिल्डर के ऑफिस में दबिश दी है. ईओडब्लू आज तेलीबांधा स्थित दशमेश बिल्डर्स के ऑफिस पहुंचकर दस्तावेजों की छानबिन कर रही है. दशमेश इन्स्टावेंचर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कई पार्टनर्स में भावना कुर्रे और हरमीत सिंह खनूजा (गिरफ्तार आरोपी) भी शामिल हैं. भावना कुर्रे अभनपुर के तत्कालीन तहसीलदार शशिकांत कुर्रे की पत्नी हैं. ईओडब्लूने 25 अप्रैल को छापेमारी के दौरान दशमेश बिल्डर्स के दफ्तर को सील कर दिया था, जहां आज दस्तावेजों की जांच जारी है.

## कृषि केंद्र संचालक की फंदे पर लटकी मिली लाश


गरियाबंद,30 अप्रैल। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में एक 38 वर्षीय कृषि केंद्र ने किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. मृतक ने अपना मोबाइल कैमरा टेबल पर सेट कर कान में ईयरफोन लगाकर इस घटना को अंजाम दिया है. इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक के शव को पीएम के लिए भेज दिया है और मोबाइल जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है. पूरी घटना देवभोग मांझी पारा की है. जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान जितेंद्र कुशवाहा (38 वर्ष) है. वह मैनपुर निवासी रिटायर्ड कृषि विस्तार अधिकारी R.D. कुशवाहा का इकलौता बेटा था.

## छत्तीसगढ़ में रह रहे पाकिस्तानी हिंदू अल्पसंख्यकों को मिलेगी राहत

रायपुर,30 अप्रैल। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने देश में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों (अलग-अलग वीजा रखने वालों) को देश छोड़ने का निर्देश दिया गया था। इस बीच छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने एक महत्वपूर्ण बयान देते हुए कहा है कि राज्य में रह रहे पाकिस्तानी हिंदू अल्पसंख्यकों को नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत भारत की नागरिकता दी जा सकेगी। गृहमंत्री ने बताया कि जो पाकिस्तानी अल्पसंख्यक छत्तीसगढ़ में रह रहे हैं, उन्हें फिलहाल राज्य में रहने की अनुमति दी गई है और वे केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के अंतर्गत नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं। शर्मा ने यह भी कहा कि सरकार इस मुद्दे को संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण से देख रही है। हम इस प्रक्रिया में उनकी हर संभव मदद करेंगे।

## पूर्व रॉ चीफ आलोक जोशी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के नये चेयरमैन बने

नई दिल्ली,30 अप्रैल। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के चल रहे तनाव के बीच मोदी सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड में व्यापक बदलाव किया है। पीएम मोदी ने पूर्व रॉ चीफ आलोक जोशी को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का नया चेयरमैन बनाया है। यह नियुक्ति भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



**एक नज़र**

### कलेक्टर ने सुशासन तिहार की समीक्षा बैठक में लंबित आवेदनों के त्वरित समाधान के दिए निर्देश



**दुर्ग, 30 अप्रैल ।** जिले में सुशासन तिहार कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त जन आवेदनों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा में समीक्षा बैठक ली। बैठक में भिलाई-चरौदा, कुम्हारी, भिलाई-03 तहसील, जामुल, अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-03 के अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में प्राप्त आवेदनों की स्थिति की जानकारी दी। नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा में कुल 565 आवेदन प्राप्त हुए (451 मांग व 114 शिकायत), जिनमें से 344 का निराकरण हो चुका है और 221 अभी लंबित हैं। नगर पालिका परिषद कुम्हारी में 536 आवेदन प्राप्त हुए (481 मांग व 55 शिकायत), जिनमें से 400 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 136 अभी लंबित हैं। तहसीलदार भिलाई-03 को कुल 651 आवेदन प्राप्त हुए (607 मांग व 44 शिकायत), जिनमें से 539 का समाधान किया गया और 112 आवेदन लंबित हैं। नगर पालिका परिषद जामुल में 167 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 62 का निराकरण हुआ और 105 अभी लंबित हैं। अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-03 के पास 38 आवेदन आए, जिनमें से 34 का निराकरण हो चुका है और 4 लंबित हैं।कलेक्टर श्री सिंह ने रैण्डम आधार पर शिकायत एवं मांग के आवेदनों की गुणवत्ता की भी समीक्षा की और स्पष्ट निर्देश दिए कि लंबित आवेदनों का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जनहित से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। समीक्षा बैठक में सुशासन तिहार 2025 के जिला नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, अपर कलेक्टर श्री विरेन्द्र सिंह, भिलाई-चरौदा निगम आयुक्त श्री दशरथ राजपूत, एसडीएम श्री महेश राजपूत, डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम ध्रुव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### जनता की भावना अनुरूप केनाल रोड के लिए रिकेश ने अधिकारियों को दिए यह निर्देश



**भिलाई नगर, 30 अप्रैल ।** भिलाई में कैनाल रोड का कार्य प्रारंभ होने जा रहा है। कैनाल रोड को लेकर जनता की कुछ आपत्ति आई है जिसे देखते हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि इस रोड को सेंटर से 40-40 फिट न करके ×0-×0 किया जाएगा।सेन ने कहा कि जनता की भावना के अनुरूप ही क्षेत्र में विकास होंगे। हमारे क्षेत्र में ऐसा कोई काम नहीं होगा जिससे जनता की भलाई नहीं हो। कैनाल रोड का निर्माण क्षेत्र के लिए एक बड़े विकास कार्य के रूप में देखा जाना चाहिए। इस निर्माण कार्य में जिस किसी के भी घर को तोड़ा जाएगा, उसे मात्र 75000 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर दिया जाएगा। उन्होंने प्रभावित लोगों से अपील की है कि इस विकास कार्य को पूरा करने में शासन-प्रशासन का सहयोग करें क्योंकि यह कार्य भिलाईयंस की सुविधा के लिए ही किया जा रहा है।

### शराब पीने की आदत से कई परिवार के सदस्य परेशान

**कवर्धा, 30 अप्रैल।** कबीरधाम जिले में कई गांवों ओर शहरों में कुछ युवा सुबह से लेकर देर शाम तक शराब पीते है । पढ़ने वाली छात्रा ओर जाब करने वाली महिला ओर दुकान में काम करने वाले व्यक्ति ने कहा की शराब आखिर क्यों पीते है परेशानी हमें होती है कहे तो कहे क्या । शादी में भी शराब पीने से झगड़े होते है । घर वाले भी परेशान होते है शिकायत किसे करे । शायद अब समय आ गया है की सुबह से ही देर शाम तक शराब पीने वालों ओर बेचने वालो पर कारवाई होनी चाहिए । शराब पीने के कारण कई लोग अस्पताल भी जाते है लेकिन क्या करे । नशा मुक्त अभियान कार्यक्रम की बहुत जरूरी आवश्यकता है जिससे की युवाओं में शराब पीने की आदत में सुधार हो ।

### प्रमुख मार्गों व हाईवे पर खड़े वाहनों पर की जा रही कार्रवाई

**कवर्धा, 30 अप्रैल।** कवर्धा शहर में सिग्नल चौक पर दुपहिया वाहन दिखे लेकिन हेलमेट पहने हुए बहुत कम लोग दिखे । एक प्रतिशत से भी कम लोग हेलमेट पहन रहे है जिसकी चर्चा शुरू हो गई है । स्कार्फ पहन रहे है जो की अच्छा है लू से बच रहे है लेकिन हेलमेट जागरूकता अभियान भी बहुत जरूरी है भिलाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात ऋचा मिश्रा ने बताया कि लगातार नेशनल हाइवे एवं अन्य प्रमुख मार्गों में खड़ी वाहनों को हटाने एवं नो पार्किंग में खड़ी वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए नेशनल हाइवे में लगातार पेट्रोलिंग कराई जा रही है पेट्रोलिंग के दौरान गुरुद्वारा तिराहा पर एक लेडिस पर्स सड़क पर लावारिस हालत में मिला। पेट्रोलिंग ने पर्स यातायात मुख्यालय में जमा किया गया और वायरलेस सेट से सभी बीट पॉइंट, पेट्रोलिंग थाना को सूचित किया रंजनी साहू कैंप 1 का मोबाइल के माध्यम से पताकर यातायात कार्यालय बुलाकर पर्स उसके सुपुर्द किया गुम हुए मोबाइल और पर्स मिलने पर उक्त महिला के चेहरे पर राहत की मुस्कान आई और उसने धन्यवाद दिया ।

### सूने मकान में चोरी

**भिलाई।** भिलाई सूने मकान एवं आलमारी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात, मोबाइल एवं पीतल के बर्तन की चोरी करने वाला नाबालिग आरोपी कोई और नहीं मोहल्ले का निकला सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोर को पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से चोरी के जेवरात, मोबाइल, तांबा, पीतल के बर्तन बरामद किया गया है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि 17 अप्रैल को ई. अपन्ना मछली मार्केट पुरैना स्थित अपने निवास में ताला लगाकर परिवार सहित गृह ग्राम आन्ध्र प्रदेश गया था। 20 अप्रैल को पड़ोसी एल वेंकट रमन ने फोन कर बताया कि घर का ताला टूटा हुआ है ई. अपन्ना अपने डेढ़ साला उमाशंकर को देखने बोला उसने बताया कि घर व आलमारी का ताला टूटा हुआ है 22 अप्रैल को प्रार्थी ई. अपन्ना गृह ग्राम से वापस आकर चेक किया।

# भाजपा ने नरेश टिकैत का पुतला दहन किया




**कवर्धा,30 अप्रैल।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष भारतीयो पर आतंकवादियों के द्वारा अंधाधुंध फायरिंग कर निर्मम हत्या की गई जिससे पूरे देशभर की जनता में आक्रोश है इसी कारण देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केन्द्र सरकार ने कई कड़े एवं बड़े फैसले लिए है, पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए जिसमे से सिंधु जल समझौता भी है जिसका पानी पाकिस्तान जाने से रोक दिया है इस फैसले को राष्ट्रीय किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत ने गलत ठहराया है जो बेहद ही निंदनीय और शर्मशार करने वाला है नरेश टिकैत के द्वारा यह कहना राष्ट्रद्रोह के श्रेणी में आता है।*भारतीय जनता पार्टी के सम्माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव जी एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्यमंत्री . तोखन साहू व जिलाध्यक्ष भाजपा राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशअनुसार किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष भुनेश्वर चंद्राकर के नेतृत्व में आज किसान नेता नरेश टिकैत का पुतला दहन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा देश के 26 निर्दोष पर्यटकों की क्रूरतापूर्वक हत्या की गई, जो अत्यंत निंदनीय, अमानवीय एवं देश की एकता और सुरक्षा पर सीधा प्रहार है। इस गंभीर कृत्य के प्रतिकार में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देशहित में सिंधु जल समझौते को रद्द करने की पहल की, जिसकी सराहना न केवल देशवासियों ने, बल्कि वैश्विक मंचों पर भी की जा रही है। किन्तु, अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश के भीतर ही कुछ स्वघोषित नेता ऐसे राष्ट्रहितकारी निर्णयों का विरोध कर रहे हैं। कथित किसान नेता नरेश टिकैत का यह बयान कि ÷भारत और पाकिस्तान के किसान एक हैं, अतः सिंधु जल समझौता रद्द नहीं होना चाहिए÷, न केवल देश की 140 करोड़ जनता की भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाला है, बल्कि यह भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता पर सीधा प्रहार है। नरेश टिकैत जैसे लोग देश की रोटी खाकर, देश के विरोध में बयान देते हैं, जो अत्यंत शर्मनाक और राष्ट्रविरोधी है। पूर्व में भी इन्होने किसान आंदोलन के नाम पर लाल किले की प्राचीर पर हुड़दंग मचाकर राष्ट्र को अपमानित करने का कृत्य किया गया था।हम निम्नलिखित मांग करते हैं÷। नरेश टिकैत पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए।उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्हें देश की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने हेतु बाध्य किया जाए। यह हम सबका कर्तव्य है कि जब बात देश की अखंडता और संप्रभुता की हो, तो हम एकजुट होकर राष्ट्र के साथ खड़े रहें और राष्ट्रविरोधी विचारों का डटकर विरोध करेंगे और आगे भी करते रहेंगे इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा राजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा अनिल सिंह ठाकुर, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा भुनेश्वर चंद्राकर, प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र मानिकपुरी, जिला महामंत्री किसान मोर्चा ओमप्रकाश वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री कमलेश द्विवेदी, युवा मोर्चा जिला महामंत्री सचिन गुप्ता, जिला अध्यक्ष अनसूचित जाति मोर्चा पंचराम कोशले, जनपद सदस्य दिनेश विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा अनिल साहू, बीजेपी नेता ओम प्रकाश वर्मा मंडल महामंत्री रामफल यादव, अनिल सिंह ठाकुर, मंडल मंत्री खेमराज साहू, देवा चौबे, मनोज पांडेय, रामचंद्र साहू, कान्हा गुप्ता, वंताराम साहू, मुनिराम चंद्रवंशी, कोमल सिंह चंद्रवंशी, कंचराम चंद्रवंशी, सहित भारतीय जानता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## कलेक्टर के निर्देश पर संयुक्त दल ने केमिकल इंड्रस्ट्रीज का निरीक्षण किया



**भिलाईनगर,30 अप्रैल।** नगर पालिक निगम भिलाई के औद्योगिक क्षेत्र के निवासियों की शिकायत थी कि उस क्षेत्र में कैमिकल युक्त पानी बोरिंग से निकल रहा है। जो पीने के योग्य नहीं है, उससे अन्य शारीरिक तकलीफे होने की संभावना है। इसीलिए नगर निगम भिलाई द्वारा बोरिंग के पानी पर रोक लगा दी गई है। सभी जगह पर नियमित सप्लाई पानी प्रदाय किया जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर टैंकरों से भी पानी की प्रतिपूर्ति की जा रही है। शिकायत के आधार पर जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा संयुक्त दल के माध्यम से कैमिकल इंड्रस्टिज का निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया। आज नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, क्षेत्रीय अधिकारी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई से श्रीमती अनिता सावंत, साइंटिस्ट शिव पटेल एवं आई.आई.टी के प्रोफेसर प्रवेश शुक्ला, सत्यजीत के संयुक्त दल द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में जाकर निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकांश कंपनीयों द्वारा ई.टी.पी. प्वांइट बनाकर रखा गया था। जो नियमित रूप से संचालित होना नहीं पाया गया। क्षेत्रीय अधिकारी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई अनिता सावंत द्वारा संस्थाओ को सतत् रूप से संचालन करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होने कहा भविष्य में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ई.टी.पी. प्वांइट चालू हालत में नहीं पाये जाने पर संस्था को सील करने की कार्यवाही की जावेगी। निरीक्षण के दौरान तेज कोप इंड्रस्टी के नाली का कुछ हिस्सा छतिग्रस्त पाया गया, जिससे कैमिकल युक्त पानी भू-जल में मिश्रीत होने की संभावना बन रही थी। उसे पर्यावरण अधिकारी द्वारा तत्काल मरम्मत करने को कहा। कुछ उद्योगो द्वारा अन्य उद्योगो से कोल्ड डस्ट आने की शिकायत की गई, जिस पर क्षेत्रीय अधिकारी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई द्वारा साइंटिस्ट श्री शिव पटेल को उन उद्योगो को नोटिस देने हेतु निर्देशित किया गया। यह भी देखने में आया कि खटाल संचालको द्वारा गोबर मिश्रीत पानी नालियों में बहाया जा रहा था, इस पर निगम आयुक्त पाण्डेय ने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को सभी खटालों को नोटिस देकर शीध्र गोकुल नगर में स्थानांतरित करने हेतु निर्देशित किया। मौके पर ही आई.आई.टी के प्रोफेसर प्रवेश शुक्ला, सत्यजीत द्वारा वहां पानी के पी.एच. की टेस्टिंग की गई। अधिकांश स्थलों पर सही पाया गया, कुछ स्थलों पर असामान्य पाया गया। क्षेत्रीय अधिकारी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई सावंत द्वारा उसे लैब टेस्ट करने हेतु अपने साथ लेकर गई। आयुक्त पाण्डेय द्वारा श्रीमती सावंत को लाईट इंड्रस्टिज का एक सप्ताह के अंदर निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। प्रमुख रूप से जिन उद्योगो का निरीक्षण किया गया कापको इंड्रस्ट्रीज, गौरी शंकर इंटरप्राईजेस, श्री इंटरनेशनल व्यापार प्राईवेट लिमिटेड, सूर्या इंडस्ट्रीज, कोल केम, तेज कोक यू-2, रूकमनी वायर्स, एम.पी.तार प्रोडक्ट्स आदि शामिल है। संयुक्त दल द्वारा अलग-अलग इंड्रस्टी के पानी का सेंपल लिया गया है। जिसका लैब में टेस्ट करने के बाद समिति द्वारा जिला कलेक्टर को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायेगा।

## जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट ने सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण किया



**कवर्धा,30 अप्रैल।** विकास खंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम अतरिया , दामापुर बाजार मे 28 अप्रेल से 8 मई तक आयोजित 11 कुंडीय श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के उद्घाटन दिवस पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट ने यज्ञ स्थल पर जिला पंचायत विकास निधि से निर्मित सांस्कृतिक मंच(यज्ञ मण्डप) लागत राशि 5.13 लाख रुपये का लोकार्पण किया । उक्त अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ सियाराम साहू पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक कवर्धा उपस्थित रहे । श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ उद्घाटन दिवस पर शोभा यात्रा के रूप में भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें माताएँ व बहनों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। उक्त अवसर पर पुर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट ने श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ मण्डप का पूजा अर्चना कर क्षेत्र की प्रगति व खुशहाली की कामना किये तथा इस धार्मिक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजक मण्डल को बधाई दी । उक्त कार्यक्रम में सर्व श्री नरेश यदु सरपंच ग्राम पंचायत अतरिया, मनहरण साहू सरपंच ग्राम पंचायत अमलीमालगी, पूर्व सरपंच अमलीमालगी , दशरू साहू, बलराम साहू, जय जय राम साहू, रामकुमार साहू, सहित आयोजक मण्डल के सदस्य गण व क्षेत्र के ग्राम वासी गण भारी संख्या में उपस्थित रहे ।

## राधा-कृष्ण मंदिर नेहरू नगर में धूमधाम से हल्दी-मेहंदी का कार्यक्रम आयोजित



**भिलाई, 30 अप्रैल।** इसी के तहत इस वर्ष भी श्री भगवती प्रसाद रायका जी की स्मृति में यह कार्यक्रम अग्रसेन जन कल्याण समिति भिलाई, श्री बांकेबिहारी चैरिटेबल ट्रस्ट भिलाई और भारत विकास परिषद भिलाई एवं महिला प्रधान इकाई नारायणी के संयुक्त तत्वावधान में आज मंगलवार दिनांक 29 अप्रैल 2025 को श्री राधा कृष्ण मंदिर नेहरू नगर में हल्दी -मेंहदी का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से आयोजित हुआ। इसमें 55 दिव्यांग एवं सकलांग जोड़े जो देश के विभिन्न प्रान्तों एवं भिलाई के आस पास के क्षेत्र से आये थे ।सभी जोड़ों के साथ उनके परिवार के सदस्य एवं माता पिता भी मौजूद रहे। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों से बहुतों बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी विजय कुमार गुप्ता तथा श्री बाँकेबिहारी ट्रस्ट के चेयरमैन संजय रूंगटा के साथ साथ समाज के अन्य विशिष्ट व्यक्तियों ने सभी नवयुगल जोड़ों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं प्रदान की।

अक्षय तृतीया के दिन बारात हुड़को आमदी नगर से सेक्टर 9 हनुमान मंदिर एवं अन्य स्थानों से होते हुए अग्रसेन भवन सेक्टर 6 आएगी जहाँ वरमाला वैदिक विधि से परिणय संस्कार और इसके पश्चात गृह उपयोगी सामग्री एवं विवाह प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे।

### शिविर में 40 यूनिट रक्त दान



**उतई, 30 अप्रैल।** सेलूद में डीएअरबी प्रोजेक्ट एस एम एस लिमिटिड सेलूद दुवारा स्व श्री अभय हरकचंद जी संचेती के जयंती अवसर पर फ्री हेल्थ चेकप ,एवम रक्त दान शिविर सेवक जन फाउंडेसन के दुवारा लगाया गया था जिसमे चालीस यूनिट रक्त दान किया गया यह शिविर एन एच् ऑफिस सेलूद सेल्फ बूथ सर्टिफ़िट,फ्री हेलमेट एवम ब्लड रिपोर्ट के लिए शिविर लगाया गया था।जिसमे कर्मचारियों को फ्री हेलमेट वितरण किया गया इस अवसर पर प्रमुख रूप से डी विश्वनाथन,आशीर्वाद ब्लड बैंक से विकास जायसवाल एच् अर आसिफ मुजवार नागेन्द्र सर ,लोचन यादव का सहयोग रहा जिसमे एन एच् के कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर हिसा लिया । सफल आयोजन के लिए आयोजन के लिए बधाई प्रेषित किये ।

## आतंकियों पर अंतिम प्रहार करने कलाकारों ने पीएम को पत्र लिखा



**भिलाई, 30 अप्रैल।** आतंकवादियों पर निर्णायक प्रहार करने के लिए छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकारों ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है तथा 100 फीट लंबी पेन्टिंग भी पोस्ट की है। ज्ञात हो कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले से पूरे भारतवर्ष में आक्रोश की लहर व्याप्त है तथा हर धर्म के लोग अब इस समस्या को जड़ से खत्म करना चाहते हैं। स्वयं कश्मीर के लोग भी आतंकवाद से उकता चुके हैं और अमन चैन से जीना चाहते हैं यही वजह है कि इस घटना से पूरे देश में अभूतपूर्व एकता का संचार हुआ है। ललित कला अकादमी, नई दिल्ली में राज्य से प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ.अंकुश देवांगन, वरिष्ठ रंगकर्मी विजय शर्मा के साथ ही समस्त कलाकारों और बुद्धिजीवियों ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि शीघ्र ही पाकिस्तान में बैठे आतंकवादी संगठनों, उनके आकाओं और आतंकी ठिकानों को धूल में मिला दिया जाए।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले से देश का हर वर्ग व्यथित है तथा सभी जानते हैं कि तेजी से विकास की राह पर बढ़ रहे भारत के लोगों को इन घटनाओं से आपस में लड़ाने के लिए पाकिस्तान ऐसी हरकते कर रहा है। बर्बादी की कगार पर बैठा पाकिस्तान भारत को किसी भी हाल में अस्थिर करना चाहता है ताकि उसकी तरक्की रूक जाए और कश्मीर में फिर से अशांति कायम हो। लेकिन वर्तमान सरकार उनके नापाक मंसूबों को नाकाम करने का माद्दा रखती है। ज्ञात हो कि पहलगाम आतंकवाद के विरोध में कुछ दिन पहले ही भिलाई, खैरागढ़, दुर्ग के नामचीन कलाकारों ने सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिसर में 100 फीट लंबी पेन्टिंग का निर्माण किया था। जिसका अवलोकन सांसद विजय बघेल ने भी किया था। इस दौरान उन्होंने भी कहा था कि आतंकी पाताल में भी छुप जाएंगे तो भी उन्हें ढूंढकर मारा जाएगा। कश्मीर घाटी शांति के पथ पर आगे बढ़ने लगी है तथा करोड़ो पर्यटक वहां घूमने जा रहे हैं। जिससे कश्मीर की जीडीपी बढ़ी है और वहां के नागरिकों का जीवन स्तर उंचा उठा है। जिससे पूरी दुनिया में आतंक परोसने वाले पाकिस्तान और उसके आकाओं के सीने में सांप लोटने लगा है। अपने देश के विकास को छोड़कर वह किसी भी कीमत पर भारत को बर्बाद करना चाहता है। कलाकारों ने भारत के हर धर्म के नागरिकों से भी अपील की है कि ऐसी परिस्थिति में हम सबको धैर्य और एकजुटता बनाए रखना चाहिए।

## लिफ्ट का दरवाजा खराब,युवक गिरा,हुई मौत

**भिलाई,30 अप्रैल।** एक युवक व्यवसायिक काम्प्लेक्स की तीसरी मंजिल में था। लिफ्ट का दरवाजा खुला देखा तो नीचे आने के लिए उसने अंदर कदम रखा लेकिन कदम रखते ही वह धड़ाम से सीधे भूण्तल पर आ गिरा। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन कर लिफ्ट के अंदर से युवक को बाहर निकाला। उसे गंभीर हालत में सुपेला के शास्त्री अस्पताल ले जाया गया। स्थिति नाजुक बताते हुए युवक को जिला अस्पताल रिफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इस मामले में कुल मिलाकर चौहान स्टेट की लापरवाही सामने आई है। चार महिना पहले भी यही चौथी मंजिल से नीचे आने के लिए लिफ्ट का उपयोग युवक किया था लेकिन लिफ्ट का गेट खराब था जिसके कारण भी युवक सीधे उपर से भूतल पर गिर गया और उसकी जान चली गई। अब ये देखना है कि लगातार यहां हादसा होने के कारण प्रशासन चौहान स्टेट के प्रबंधन पर क्या कार्यवाही करता है। या उच्च पहुंचवाले प्रबंधन पर बिना कार्यवाही किये प्रशासन शांति से बैठ जायेगा। आज सुबह चन्द्रा.मौर्या टाकीज के पास सुपेला क्षेत्र में स्थित व्यवसायिक काम्प्लेक्स चौहान इस्टेट में यह घटना हुई है। मृतक की पहचान राजा बांदे 40 वर्ष निवासी सुभाष चौक ग्राम डुंडेरा थाना उतई जिला दुर्ग के रूप में हुई है। फ्लिहाल यह पता नहीं चल पाया है कि युवक चौहान इस्टेट में क्या करने आया था। पुलिस ने शव को पीएम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला स्थित मरच्यूरी में रखवा दिया है। यह घटना 29 अप्रैल मंगलवार की सुबह 5 बजे के लगभग की बताई जा रही है। सुपेला पुलिस को सूचना मिली कि चौहान इस्टेट में लगी लिफ्ट से एक युवक नीचे गिर गया है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि एक युवक लिफ्ट के होल में गिरा पड़ा है। इसके बाद पुलिस ने तुरंत उसे बाहर निकालने के लिए एसडीआरएफ दुर्ग को सूचना देकर मौके पर बुलाया। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम चौहान इस्टेट पहुंची। एसडीआरएफ जवानों ने बहादुरी के साथ आधुनिक तकनीक का उपयोग कर लिफ्ट में उतर युवक को रस्सी से बांधकर बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला। बाहर निकालने तक युवक जीवित था। एसडीआरएफ की टीम ने उसे तुरंत स्ट्रेचर में उठाकर लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला पहुंचाया। लेकिन युवक की नाजुक स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल दुर्ग ले जाने की सलाह दी। वहां ले जाते समय युवक ने दम तोड़ दिया। जिला सेनानी अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यही लग रहा है कि युवक लिफ्ट का उपयोग कर तीसरे मंजिल से नीचे आना चाह रहा था। इसलिए लिफ्ट का दरवाजा खुला देखकर उसमें अपना कदम रखा। जबकि लिफ्ट उस तल पर नहीं होकर भूण्तल पर थी। इस स्थिति में वह तीसरी मंजिल से सीधे भूण्तल पर आ गिरा। इस वजह से उसे गंभीर चोटें आई जो उसके लिए जानलेवा साबित हो गया। एसडीआरएफ के रेस्क्यू ऑपरेशन में ईश्वर खरेए दिलीपए सूरजए राजूए महेशए भूपेंद्रए ओमकारए विनयए हेमराजए थानेश्वर एवं कुंजेश शामिल रहे। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीआरएफटीम के सहयोग के लिए अग्निशमन विभाग के दल को भी रवाना किया गया था। इस दल में शरदए डीवहारए धर्मेंद्रए नागेशए अवतार व मनोज शामिल थे। चार महीने पहले भी हुई थी युवक की मौत चौहान इस्टेट में ठीक इसी तरह की घटना चार महीने पहले जनवरी के पहले सप्ताह में हुई थी। तब यहां के चौथी मंजिल से गिरकर नारियल पानी बेचने वाले एक युवक की मौत हो गई थी। मृतक का नाम विनय गुप्ता ;उम्र 25 वर्षद्ध था। विनय रात के समय चौहान इस्टेट की चौथी मंजिल पर गया हुआ था। इसके बाद उसकी लाश लिफ्ट एरिया के नीचे मिली थी। जिस लिफ्ट एरिया में विनय की लाश मिली थी उसके चौथी मंजिल पर गेट खराब थी। इस घटना को लेकर आशंका जताई गई थी कि लिफ्ट के अंदर प्रवेश करने के दौरान वह चौथी मंजिल से सीधे नीचे आ गिरा होगा। ठीक उसी तरह आज हुई घटना में एक और युवक की जान चली गई। पिछली घटना में युवक चौथी मंजिल से लिफ्ट में गिर गया था।

## रोलिंग मिल गेट पर वीटीएस और सीआईएसएफ से हो रही परेशानी, सौंपा ज्ञापन

**भिलाई,30 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र के रोलिंग मिल गेट पर अव्यवस्था के चलते माल परिवहन करने वाले ट्रांसपोर्ट्स को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर वीटीएस और सीआईएसएफ परेशानी का सबब बनी हुई है। भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में समस्या निवारण के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के मार्केटिंग विभाग प्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपा गया।

भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि भिलाई इस्पात संयंत्र के रोलिंग मिल गेट में कुछ गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही है। जिसके चलते ट्रांसपोर्टर्स को दिक्कत हो रही है। अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू ने बताया कि वीटीएस व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम की खराबी के कारण 165 गाडियां के प्रोग्राम में से केवल 80.85 गाडियां ही समय पर लोडिंग में जा पा रही है। जिससे परिवहनकर्ताओं और संयंत्र दोनों को भारी नुकसान हो रहा है। इसी तरह सीआईएसएफ की ओर से समय पर गेट नहीं खोले जाने के कारण गाडियों को चेक करने में देरी हो रही है। इसके चलते लोडिंग प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। वीटीएस के सर्वर में लगातार समस्याएं आ रही है। जिससे गाडियां की ट्रैकिंग और इन ऑउट प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हो रही है। गाडियां को इन करने में अधिक समय लग रहा है जिससे लोडिंग प्रक्रिया में देरी हो रही है। दोनों लोडिंग और अनलोडिंग के लिए बने दोनों धर्मकांटा समय पर चालू होने चाहिए ताकि गाडियां जल्द से जल्द प्रक्रिया पूरी कर सकें। इनवॉइस बन जाने के बाद भी लोड गाडी समय पर आउट नहीं हो पाती और 4 बजे के बाद ही सीआईएसएफ द्वारा आउट की जाती है। एसोसिएशन के महासचिव मलकीत सिंह ने बताया कि इस संबंध में मार्केटिंग एवं सीआईएसएफ के संबंधित अधिकारियों को कई बार सूचित किया जा चुका है। लेकिन ट्रांसपोर्टर्स की समस्या निवारण के प्रति गंभीरता गायब है।



### कई मंत्री पहुंचे दुर्ग ग्रामीण विधायक के घर उनकी माताश्री पूर्णिमा चन्द्राकर को श्रद्धांजलि देने

**दुर्ग, 30 अप्रैल।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विधि और विधायी कार्य नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव, वाणिज्यकर, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल आज दुर्ग नगर के आमापारा वार्ड स्थित विधायक निवास पहुंचे। उन्होंने यहां पर स्वर्गीय पूर्णिमा चन्द्राकर के तैल चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजली दी। उन्होंने मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना किये। उपमुख्यमंत्री श्री सावए उद्योग मंत्री देवांगन और स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर और उनके परिजनों से भेंट कर इस दुरूख की बेला में ढांढस बंधाया। इस अवसर पर विधायक गजेन्द्र यादव, नगर निगम दुर्ग की महापौर श्रीमती अल्का बाघमार और सुरेन्द्र कौशिक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# क्लीन सिटी बनाने सड़क पर उतरी नगर सरकार

■ नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने महिलाओं ने दिया बढ चढ़ कर योगदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मोहला, 30 अप्रैल।** देश के नंबर 1 क्लीन सिटी इंदौर की तरह नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर सरकार रविवार से सड़क पर उतर आई है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे इस मुहिम को सफल बनाने के लिए अब कागज पर ही नहीं जमीन पर भी काम शुरू हो गया है। रविवार को नगर सरकार की पूरी टीम स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को साथ लेकर नगर के मुख्य मार्गो पर स्वच्छता अभियान चलाया। रविवार की सुबह नगर का माहौल बदला बदला सा नजर आ रहा था। छुट्टी के दिन घर में आराम करने के स्थान पर नगर पंचायत के फील्ड व कार्यालयीन कर्मचारी नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सड़क पर झाड़ू, रापा, धामेला, टांगिया लिए नगर के मुख्य मार्ग की साफ सफाई कर रहे थे। नगरवासियों को इस बात का आश्चर्य लग रहा था कि जो अधिकारी कर्मचारी कुछ महीने पहले कार्यालय दिवस में अपने काम में नजर नहीं आते थे, वे सभी आज अवकाश को त्याग कर पूरी मुस्तैदी के साथ चौकी राजनांदगांव मुख्य मार्ग में झाड़ू चलाते व कचरा उठाते नजर आ रहे है। स्वच्छता श्रमदान की मुहिम बस स्टैंड से प्रारंभ हुई जो अस्पताल तिराहा, शहिद चौंक मेन रोड, लाल भीष्म देव शाह चौक होते हुए राजीव गांधी चौक पर आकर समाप्त हुई। इसके बाद वेल्डिंग चौक से गुप्ता चौक, आंबेडकर चौक होते हुए बस स्टैंड में आकर श्रमदान का कार्यक्रम थमा। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अगुवाई में 3 घंटे तक चलाए गए इस अभियान में सीएमओ विजय पाण्डेय, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता, पार्षद विनोद डेहरिया, दिलीप कुंभकार, तिलक यादव, जलील अहमद, रामसाय पटेल, लोकेश सलामे, पूर्व पार्षद उर्मिला पटेल, विमला कलिहारी, चित्ररेखा सलामे, जुलैखा बेगम, रेहाना बेगम, शमा कुरैशी सहित भारी संख्या में सभी वार्डो से आई स्वयं सहायता समूह के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

**महिलाओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण**-नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के आह्वान पर नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्व- फुर्त आई नगर की माताओं एवं बहनों का मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। शिविर में महिलाओं का बीपी, शुगर, ब्लड चेकअप कराया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान मोबाइल मेडिकल यूनिट में उपस्थित चिकित्सकों द्वारा महिलाओं को चिकित्सीय मार्गदर्शन दिया गया। स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। एवं कार्यक्रम के लिए नगर पंचायत प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### हर रविवार को चलाया जाएगा स्वच्छता श्रमदान

नगर सरकार की ओर से नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने ऐलान किया कि स्वच्छता अभियान केवल फोटो खींचने तक सीमित नहीं रहेगा। नगर को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने चरणबद्ध तरीके से मई व जून महीने में जागरूकता अभियान को लेकर बैठके एवं व्यवहार परिवर्तन के लिए पर प्रचार प्रसार सहित अन्य मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी श्रृंखला में हर रविवार या छुट्टी के दिन सामुदायिक सहभागिता से हर वार्ड में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

## समाचार संक्षेप

### शिक्षक ही बच्चों का भाग्य विधाता, गुरु बिन ज्ञान कहां: संजय सिन्हा



■ शिक्षक बिदाई समारोह में पहुचे जनपद अध्यक्ष उचईपुर

**छुरिया, 30 अप्रैल।** छुरिया विकासखंड के अंतिम छोर बालोद जिला से लगे ग्रामपंचायत चिखलाकसा के आश्रित ग्राम उचाईपुर के प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक रामप्रसाद सलामे जी सेवा निवृत होने पर बिदाई समारोह के अवसर पर आयोजित संकुल स्तरीय बिदाई समारोह के अवसर पर अध्यक्षता के लिए संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया को को बतौर अतिथि आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम को शुरुवात छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर,गुलाल लगाकर किया गया,स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिन्हा ने कहा कि शिक्षक ही एक ऐसा गुरु है जो बच्चों के दिशा व दशा तय करती है। गुरु बिन ज्ञान कहा शिक्षक एक कुम्हार की तरह होता है ,वे बच्चों को जिस रूप ढाले वे उस रूप में बदल सकते है। उक्त कार्यक्रम को गोपाल भुआर्य जिला पंचायत सदस्य ने भी संबोधित किया।

## एक नजर

### एनयू खान बने सहायक संचालक, पदोन्नति आदेश जारी

**रायपुर, 30 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा रायपुर-1 के वरिष्ठ लेखा परीक्षक



(सीनियर ऑडिटर) एन.यू. ख़ान को सहायक संचालक पद पर पदोन्नत कर क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर-01 में पदस्थ किया गया है। यह आदेश छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय रायपुर द्वारा 28 अप्रैल को पदोन्नति सूची के तहत जारी किया गया। आदेश क्रमांक 524/1499/2024 के अनुसार खान ने 29 अप्रैल की सुबह अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसके अतिरिक्त, अन्य वरिष्ठ संपरीक्षकों का भी स्थानांतरण हुआ है। गिरधारी राम पैकरा को नवा रायपुर अटलनगर से क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर भेजा गया है। सतीश चौधरी को क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर से रायपुर-02 स्थानांतरित किया गया है। अजय कुमार बघेल को भी क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ किया गया है।

### धमतरी जिले में निवासरत बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया जाए



**कुरूद, 30 अप्रैल।** वर्तमान कश्मीर में जिस तरीके से हिंदुओं के ऊपर एक वर्ग विशेष के द्वारा हमला किया गया उससे पूरा हिंदू समाज आहत है ऐसी जिहादी मानसिकता के लोग हो सकता है हमारे बीच में मौजूद हो जिससे कभी भी घटना घट सकता है और इसमें स्थानीय की मिलीभगत हमेशा रहता है जिले में निवासरत बाहरी व्यक्तियों का शासन प्रशासन द्वारा जांच किया जाए किराएदार अन्य संस्थाओं में कार्यरत व्यक्तियों का जांच किया जाए गांव-गांव में फेरी लगाकर बगौद फूड पार्क हाईवे किनारे किराएदार के रूप में राइस मिल जैसे अन्य संस्थाओं में कार्यरत लोगों की जांच किया जाए। इस संबंध में विगत दिनों ज्ञापन जिला कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी कुरूद को ज्ञापन सोपा गया।

### शहर के बापुटोला में अवैध प्लाटिंग की जांच की मांग



**राजनांदगांव, 30 अप्रैल।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने जनता से मुलाकात की समय सारणी जारी की गई है जिसमें वे सप्ताह में तीन दिन सुबह 10 से 1.30 बजे तक जिलावासियों से मुलाकात करेंगे इसी कड़ी के आज प्रथम दिन छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने उनसे भेंट कर बहुचर्चित बापुटोला अवैध प्लाटिंग मामले में जांच की मांग की है। उन्होंने बताया कि पिछले काफी समय से बजरंगपुर नवागांव वार्ड के बापुटोला में प्रीकास्ट वॉल निर्मित कर अवैध प्लाटिंग की शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा की जाती रही है इसे ले कर पूर्व में स्थानीय पार्षद द्वारा भी शिकायत की गई थी उक्त प्लॉटिंगकर्ता द्वारा सत्ता के संरक्षण की बात जगह जगह मौखिक रूप से कही जाने की बाते भी सामने आई हैं।

### 500 करोड़ रुपए डीबीटी से उनके खाते में अंतरित किए

# अब मजदूर का बच्चा मजदूर नहीं रहेगा,श्रम विभाग इसके लिए कर रहा विशेष प्रयास: साय



**रायपुर, 30 अप्रैल।** मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्रमिकों एवं उनके परिजनों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए लगातार आर्थिक मदद दी जा रही है। श्रम विभाग के तीनों मंडल - छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल, छ.ग. असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल एवं छ.ग. श्रम कल्याण मंडल के माध्यम से योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है। इसी का परिणाम है कि बीते सवा साल में श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगभग 500 करोड़ रूपए डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में अंतरित किए जा चुके हैं। प्रदेश के श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन का कहना है कि प्रदेश में विष्णु देव सरकार के सुशासन में अब मजदूर का बच्चा मजदूर नहीं रहेगा। श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के हितों में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। इनमें प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार किट योजना, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा प्रोत्साहन योजना, निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी हेतु सहायता राशि योजना, निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु उत्कृष्ट खेल प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना, शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना संचालित की जा रही है। प्रदेश के श्रम मंत्री श्री देवांगन का कहना है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि हर हाथ को काम इस दिशा में प्रदेश के वाणिज्य उद्योग एवं श्रम विभाग द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। श्रम विभाग के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में 255 करोड़ 31 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। मजदूर दिवस दुनिया भर में मनाया जाता है। 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस या श्रमिक दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों, सामाजिक न्याय और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों के लिए संकल्प लेना है। यह दिन श्रमिकों के योगदान को याद करने और उनके संघर्षों को सम्मानित करने के लिए भी मनाया जाता है। यह दिवस वर्ष 1886 में शिकागो के हेमार्केट स्क्वायर में मजदूरों के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा की याद में मनाया जाता है, जहां अनेक श्रमिकों ने 8 घंटे के कार्य दिवस की मांग की थी। सन् 1889 में, द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में घोषित किया था। इस दिन को मनाने का उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों को सुनिश्चित करना, सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों के लिए आवाज बुलंद करना है। भारत में मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत 1923 में चेन्नई मद्रास से हुई थी। भारतीय संविधान निर्माण सभा के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर ने श्रमिकों के काम का समय 12 घंटे से घटाकर 8 घंटे किया। इसके अलावा उन्होंने महिलाओं को प्रसूति अवकाश की सुविधा उपलब्ध कराई।

### मेहनत एवं ईमानदारी से आगे बढ़ रहा साहू समाज: उप मुख्यमंत्री साव



**राजनांदगांव 30 अप्रैल।** उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव आज राजनांदगांव शहर के चौखडिया पारा स्थित तहसील साहू संघ राजनांदगांव में नवनिर्मित सामाजिक सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने 40 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित सामाजिक सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने साहू भवन के विस्तार के लिए 15 लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि आज का यह दिन ऐतिहासिक एवं गौरवमयी है। यह भवन नये स्वरूप में स्थापित हुआ है। इसके लिए उन्होंने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि साहू समाज का यह सामुदायिक भवन जरूरतमंद के लिए जरूरत में खड़े होने वाला भवन है और इस भवन का इतिहास पुराना है। उन्होंने ऐतिहासिक पुरूष दानवीर भामाशाह की जयंती पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दानवीर भामाशाह केवल एक प्रखर योद्धा ही नहीं बल्कि महाराणा प्रताप के अनन्य मित्र भी थे। हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप की रसद सामग्री समाप्त होने पर महाराणा प्रताप ने मुगलों की सेना के समक्ष आत्मसमर्पण नहीं किया और वे तथा उनकी सेना वन में चले गए। ऐसे कठिन समय में राष्ट्र भक्त एवं योद्धा दानवीर भामाशाह ने अपनी मित्रता निभाते हुए महाराणा प्रताप को सोने और चांदी की अशर्फी देकर सेना को सशक्त बनाया।

## डमी एडमिशन के विरुद्ध एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



**रायपुर, 30 अप्रैल।** राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के कार्यकर्ताओं ने आज शिक्षा प्रणाली में गहराते डमी एडमिशन जैसे गंभीर मुद्दे के खिलाफ आवाज़ उठाते हुए अपर कलेक्टर श्रीमती अभिलाषा पैकरा को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से छात्र संगठन ने डमी प्रवेश की बढ़ती प्रवृत्ति पर कड़ा एतराज़ जताते हुए प्रशासन से इस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने एवं ठोस नियम बनाए जाने की माँग की। इस अभियान का नेतृत्व हस्द्ध के प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल द्वारा

■ **शिक्षा में पारदर्शिता की उठाई मांग**

किया गया, जिन्होंने ज्ञापन में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया कि डमी एडमिशन शिक्षा के अधिकार की मूल भावना के विपरीत है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों द्वारा केवल नाम मात्र के एडमिशन लिए जा रहे हैं, जबकि छात्र पूरे वर्ष कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करते हैं। यह प्रक्रिया शिक्षा का व्यवसायीकरण है और ग्रामीण व निर्धन छात्रों के साथ घोर अन्याय है।

**एनएसयूआई ने ज्ञापन में यह मांग की गई....**

- जिले में संचालित सभी विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों की सघन जांच की जाए,
- डमी एडमिशन प्रणाली पर सख्त प्रतिबंध लगाया जाए,
- दोषी संस्थानों के विरुद्ध मान्यता समाप्ति की कार्रवाई शुरू की जाए,
- एक नियमावली बनाकर शिक्षा विभाग इसे नियंत्रित करे।
- अपर कलेक्टर अभिलाषा पैकरा ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाइ का आश्वासन दिया।
- इस दौरान एनएसयूआई के वाइस चेयरमैन पुनेश्वर लहरे, जिला महासचिव रजत ठाकुर विधानसभा उपाध्यक्ष अंकित बंजारे , हिमांशु तांडी, यश देवांगन, तिरुपति राव,विनय साहू,असलान शेख , लोकेश सारथी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### भगवान परशुराम जयंती पर सांसद एवं विधायक ने नागरिकों को दी शुभकामनाएं

**राजनांदगांव 30 अप्रैल।** दान, पुण्य एवं मांगलिक व शुभ कार्य शुभारंभ करने के पावन दिन अक्षय तृतीया तथा भगवान परशुराम जी जन्म जयंती की विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद संतोष पाण्डे ने नागरिकों को अनन्य शुभकामनाए दी है। विधायक डॉ. सिंह एवं सांसद पाण्डे ने भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि परशुराम जयंती भगवान विष्णु के छठे अवतार, भगवान परशुराम के जन्मदिवस के रूप में मनाई जाती है। यह पर्व वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को आता है। भगवान परशुराम को शस्त्र विद्या, धर्म रक्षा और अन्याय के विरुद्ध युद्ध का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने क्षत्रियों के अत्याचार को समाप्त किया।

### डोंगरगांव नपं अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने उपमुख्यमंत्री साव से की मुलाकात



**डोंगरगांव, 30 अप्रैल।** डोंगरगांव नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत के विकास के लिए उनसे बातचीत की और उन्हें नगर पंचायत में हो रही पानी की समस्या के बारे में जानकारी दी। अंजू त्रिपाठी ने बताया कि नगर पंचायत में पानी की समस्या बहुत गंभीर है और इसके समाधान के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। अंजू त्रिपाठी ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव के साथ नगर पंचायत के विकास के लिए चर्चा की। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत में कई विकास कार्य किए जाने की आवश्यकता है, जिनमें सड़क, पानी, बिजली और स्वच्छता शामिल हैं। अंजू त्रिपाठी ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से अनुरोध किया कि वे नगर पंचायत के विकास के लिए आवश्यक कदम उठाएं। अंजू त्रिपाठी ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव को बताया कि नगर पंचायत में पानी की समस्या बहुत गंभीर है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत के कई क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। अंजू त्रिपाठी ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से अनुरोध किया कि वे पानी की समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाएं। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अंजू त्रिपाठी को आश्वासन दिया कि वे नगर पंचायत के विकास के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। उन्होंने बताया कि वे पानी की समस्या के समाधान के लिए भी आवश्यक कदम उठाएंगे और नगर पंचायत के विकास के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराएंगे।

## तोर दुआर-साय सरकार महाअभियान के तहत ग्राम बगदई पहुंची भाजपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगांव, 30 अप्रैल।** प्रदेशभर में चल रहे विशेष पखवाड़ा - तोर दुआर साय सरकार महाअभियान 2025 के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण कार्य को गति देने हेतु भाजपा डोंगरगांव के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की एक टीम ग्राम पंचायत बगदई पहुंची। अभियान के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, गुलशन हिरवानी, धनराज ठाकुर, महेश्वर साहू, अधिवक्ता सतीश पाण्डेय तथा ग्राम पंचायत सचिव सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और स्थानीय ग्रामीण हितग्राही उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र हितग्राहियों तक आवास योजना का लाभ पहुंचाना और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ना है। भाजपा नेताओं ने गांव-गांव जाकर हितग्राहियों से संवाद किया, उन्हें योजना की जानकारी दी और सर्वेक्षण टीम के माध्यम से पात्र व्यक्तियों का डाटा संकलन कर उन्हें लाभान्वित करने की दिशा में कार्य किया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह अभियान सिर्फ योजना की जानकारी देने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य हर पात्र व्यक्ति को पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में यह महाअभियान पूरे ब्लॉक स्तर पर तेजी से चलाया जाएगा ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रह जाए।

### पंचायतीराज दिवस के उपलक्ष्य में बाल सभा का आयोजन

**अंबागढ़ चौकी, 30 अप्रैल।** राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर अटल डिजिटल सेवा केंद्र को सक्रिय रूप से प्रारंभ कर, सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। इस अवसर पर अंबागढ़ चौकी के विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा एवं बाल सभा का आयोजन किया गया, जिसमें पिरामल फाउंडेशन की टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस विशेष आयोजन की एक उल्लेखनीय पहल के रूप में पहली बार बाल सभा का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अपने विद्यालय की समस्याओं जैसे बिजली की अनियमित आपूर्ति, विद्यालय परिसर की बाउंड्री वॉल और बागीचे की आवश्यकता जैसे मुद्दों को खुले मंच पर पंचायत प्रतिनिधियों के समक्ष रखा। यह संवाद बच्चों को अपने अधिकारों और समाधान प्रक्रिया से जोड़ने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम सिद्ध हुआ। इस आयोजन ने न केवल पंचायत स्तर पर सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित किया, बल्कि बच्चों की आवाज़ को भी मंच प्रदान कर उन्हें सहभागी नागरिक के रूप में उभारने का कार्य किया।



### उप मुख्यमंत्री साव नगर पंचायत घुमका में आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह तथा भूमिपूजन कार्यक्रम में हुए शामिल

# विष्णु का सुशासन कल्याणकारी,हर वर्ग के विकास के लिए कार्य कर रही सरकार:साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

■ नगर पंचायत घुमका में 1 करोड़ 49 लाख 10 हजार रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

■ मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना अंतर्गत परिणय सूत्र में बंधे 20 जोड़े



**राजनांदगांव 30 अप्रैल।** उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव राजनांदगांव विकासखंड के शासकीय कन्या विद्यालय घुमका में आयोजित सामूहिक आदर्श विवाह तथा भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने नगर पंचायत घुमका में 1 करोड़ 49 लाख 10 हजार रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने विद्युतीकरण के लिए नगर पंचायत घुमका हेतु 9 लाख 85 हजार रूपए, सड़क में बोर्ड लगाने के लिए 9 लाख 83 हजार रूपए, तीन द्वार के लिए 10-10 लाख रूपए, इस तरह कुल 50 लाख रूपए देने की घोषणा की।

उप मुख्यमंत्री साव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज यहां मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना अंतर्गत 20 जोड़े का विवाह हो रहा है तथा 40 परिवारों में खुशियां आ रही है। आज का यह दिन ऐतिहासिक है, जिसमें सामूहिक विवाह के साथ ही 1 करोड़ 49 लाख 10 हजार रूपए की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार हर व्यक्ति के विकास के लिए कार्य कर रही है। किसी भी व्यक्ति के लिए तीन तरह की चिंता होती है, एक तो बच्चे का विवाह, बीमारी पडने पर ईलाज तथा अपना पक्का मकान। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जरूरतमंदों के लिए पक्का मकान बनाने के लिए कार्य कर रही है।

जिससे जनसामान्य के पक्के आवास का सपना पूरा हो रहा है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास प्लस 2.0 मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है। इसमें कोई भी जरूरतमंद हितग्राही पक्के आवास के लिए सर्वे में नहीं छूटे। आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क ईलाज मरीजों को मिल रहा है। माता-पिता की चिंता को दूर करने में मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना कारगर साबित हुई है। गरीब माता-पिता के लिए अपने बच्चों का विवाह करना आसान हो गया है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह पुण्य का कार्य है और विष्णु का सुशासन कल्याणकारी है। उन्होंने कहा कि सभी माता-बहनों को महतारी वंदन योजना के तहत उनके बैंक खाते में प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि प्राप्त हो रही है। जहां माता का सम्मान होता है, वहां लक्ष्मी, सुख-समृद्धि एवं शांति आती है।

## संपादकीय

# हर ओवर,हर गेंद पर वही एक सा रवैया

सोमवार को जयपुर के मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रायल्स व गुजरात जायंटस के बीच खेले गए आईपीएल के २०-२० मैच में वह हुआ जिसकी कल्पना नहीं की गई थी।लगातार हार रहे राजस्थान रायल्स के खिलाफ गुजरात जायंटस ने २०९ रन का लक्ष्य रखा।गुजरात के बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी की और वह निश्चिंत थे कि वह तो जीत रहे हैं।इस मैच में वह हुआ जो कभी कभी होता है। हारने वाली टीम जीत गई और जीतने वाली टीम हार गई और ऐसा इसलिए हुआ कि देश के क्रिकेट इतिहास में एक स्टार बल्लेबाज का उदय इस मैच में हुआ।उसने असंभव को संभव कर दिखाया। उसने जो किया उसके लिए सभी ने कहा कि यह तो अद्भुत,अकल्पनीय,अविश्वसनीय,चमत्कार। क्रिकेट के इतिहास में एक से एक महान बल्लेबाज हुए हैं लेकिन १४ साल कुछ दिन में कोई ऐसा नहीं कर सका। बिहार के समस्तीपुर जिले के १४ साल को क्रिकेट खिलाडी.ने टी-२० में ३५ गेंदों पर शतक मार दिया। वह भी आईपीएल के इतिहास के दूसरा सबसे तेज शतक। शतक भी अनोखा क्योंकि इसमें वैभव ने ११ छक्के व ७चौके मारे यानि उसने १०१ रन बनाए तो उसमें ९४ रन उसने बाउंड्री मार कर यानी चौका व छक्का मारकर बनाए।अपना शतक तक छक्का मारकर पूरा किया।शतक तो कई खिलाड़ी बनाते हैं लेकिन कोई इतने चौके व छक्के मारकर नहीं बनाता है। यह तो लोगों के कल्पना से परे था कि कोई १४ साल का खिलाडी.अपने तीसरे मैच में ही सबसे तेज दूसरा शतक बना सकता है, वह भी ९४ रन बाउंड्री मारकर। ऐसा हो सकता है कि इस बात का एहसास वैभव ने अपने पहले मैच में करा दिया था। वह मैच राजस्थान हार गया लेकिन वैभव ने पहली गेंद पर छक्का मारकर सबको चौंका दिया था।दो मैच में उसने क्रिक्रट प्रेमियों को बता दिया था किसी स्टेडियम में आने वाले दिनों में तूफान आने वाला है। लोग टी-२० में हर गेंद पर चौका व छक्का देखना चाहते है।यही वैभव ने दो मैच किया उसने हर गेंद को छक्का मारने का प्रयास किया।उसने कई छक्के मारकर दिखाया भी,जल्द आउट हो जाने के कारण लोगों को पता नहीं चला कि यह क्या कर सकता है। लोगों को यह तो पता चल गया कि यह करेगा तो कुछ खास करेगा।क्योंकि वह क्रिकेट खेलता इस तरह है कि जैसे वह हर गेंद को मारने के लिए मैदान में आया है।निडर बल्लेबाज ही ऐसा कर सकता है, निडर वह होता है जिसे आउट होने का डर नहीं होता है, जिसके सामने कोई भी गेंदबाज हो डर न लगता हो, जो यह सोच कर मैदान में आता है मुझे तो हर गेंदबाज की हर गेंद को सीमापार पहुंचाना है। वैभव ने शतक बनाने के बाद भी कहा भी कि मैं यह नहीं देखता कि सामने गेंद कौन कर रहा है, मुझे गेंदबाज दिखाई नहीं देता है, मुझे तो सिर्फ गेंद दिखाई देती है और मैं उसे पूरी ताकत से मारता हूं। गेंद बल्ले में आई तो सीधा सीमापार जाती है। यही वजह है कि उसने जयपुर स्टेडियम में गुजरात के हर गेंदबाज की गेंद पर छक्का मारा। गुजरात के सारे गेंदबाज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेले हुए अ?भवी गेंदबाज थे लेकिन वैभव ने उनको जब मारना शुरू किया तो पूरा देश यह देखकर चकित था कि वह ऐसा कैसे कर पा रहा है। चाहे सिराज हो, प्रसिध्द हो, इशांत हो, वाशिंगटन हो, जन्नत हो, साइं सुदर्शन हो, सभी की गेंद पर चौका या छक्का जरूर मारा। वैभव जब तक खेलता रहा लोग तालियां बजाते रहे क्योंकि ताली खत्म नहीं हुई होती थी कि वैभव छक्के के बाद छक्का मार देता था, चौके के बाद चौका मार देता था। कभी चौके के बाद छक्का तो कभी छक्के के बाद चौका। एक बार तो ऐसा हुआ कि लगातार कई गेंदों पर छक्का या चौका मारा। स्टेडियम में लोग उसकी बैंटिंग देखकर पागल हो गए थे क्योंकि ऐसा कोई कभी कभी खेलता है जब उसे कोई रोक नहीं पाता है, वह जहां चाहे वहां चौका या छक्का मारता है। पूरे स्टेडियम के लोग वैभव की बल्लेबाजी देखकर सम्मोहित थे। वैभव जब ९४ रन पर था तो लोग उम्मीद कर रहे थे कि वह शतक के लिए रुककर खेलेगा लेकिन वैभव ने तीसरे मैच में अपना शतक भी छक्का मारकर पूरा किया। ऐसा वही बल्लेबाज करता है जिसे खुद पर भरोसा होता है कि मुझे कोई आउट नहीं कर सकता।वैभव के शतक से पूरा स्टेडियम देर तक तालियों से गूंजता रहा। पूरा स्टेडियम वैभव के सम्मान में खडा.हो गया था।यह देखकर भी लोगों को बहुत अच्छा लगा कि राजस्थान रायल के कोच राहुल द्रविड भी वैभव का शतक पूरा होने पर खड़े नहीं होने की स्थिति में होने के बाद भी खड़े हुए और उनकी खुशी देखने योग्य थी।उनको वैभव की प्रतिभा पर भरोसा था, वैभव ने अपनी प्रतिभा दिखाई, साबित किया तो राहुल द्रविड जिन्होने उ?को खेलने का मौका दिया था, खुश होना स्वाभाविक था। राजस्थान रायल्स की जीत तय हो गई थी जब वैभव आउट हुआ। उसके बाद जीत की औपचारिकता बची थी जिसे यशस्वी व कप्तान ने पूरी की। वैभव की अविश्वसनीय बल्लेबाजी के कारण ही राजस्थान गुजरात को हरा सका है और उसकी रेस में बने रहने की उम्मीद बनी हुई है।वैभव को मौका मिला, उसने खुद को साबित किया और अपने पिता का सपना पूरा किया। बहुत कम पिता ऐसे होते हैं जिनका सपना उनका बेटा पूरा करता है। वैभव को वैभव बनाने में उनके पिता व माता की भूमिका बहुत अहम है। उन्होंने वैभव के लिए वह सब किया जो वह कर सकते थे। वैभव ने भी अपने माता पिता का सपना पूरा किया और देश के माता पिता को संदेश दिया है कि अपने बच्चों पर भरोसा करो और वह जो करना चाहते हैं, उनको करने दो। हर बच्चे में वैभव होता है, जरूरत है कि माता पिता उसे पहचाने।सचिन के घरवालों के कारण सचिन जिस तरह सचिन बन सका था वैसे ही वैभव भी अपने घरवालों के कारण वैभव बन सका और खुद को साबित करने में सफल रहा।सचिन ने भी खुद को पहले टेस्ट मैच में साबित कर दिया था, वैभव ने भी अपने तीसरे मैच में साबित कर दिया कि वह दूसरो से कुछ अलग है। सचिन पाकिस्तान में घायल होने के बाद कहा था कि मैं खेलेगा और उसके बाद सचिन कैसा खेला सारे देश ने देखा है।वैभव मारने के चक्कर दो बार आउट होने के बाद कोच से कहा कि वह मारेगा और तीसरे मैच में उसने मारकर दिखाया कि वह बड़े बड़े गेंदबाजों को कैसे मार सकता है। पहले मैच में आउट होकर रोते हुए वैभव को सबने देखा था लेकिन वह वैभव जब तीसरे मैच में आया तो उसने देश-विदेश के सारे गेंदबाजों को मार मार कर रुला दिया।वैभव को देखकर लोग उम्मीद कर रहे हैं कि गावस्कर, सचिन, विराट की तरह महान बल्लेबाज बनेगा। देश की शुभकामनाएं उसके साथ है।

सुशासन दिवस

# सुशासन तिहार जनाकांक्षाओं का समाधान



नसीम अहमद खान, उप संचालक, जनसंपर्क

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में चल रहा सुशासन तिहार जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासकीय योजनाओं के लाभ को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम बन रहा है। 8 अप्रैल से 31 मई 2025 तक तीन चरणों में आयोजित यह अभियान पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसंवाद को बढ़ावा दे रहा है, जिसका उद्देश्य शासन को जन-केंद्रित बनाना, जन सरोकार, जन विश्वास को मजबूत करना और विकास कार्यों की जमीनी हकीकत का मूल्यांकन करना है। पहले चरण में जनता जनार्दन से उनकी समस्याओं और मांगों के संबंध में 8 से 11 अप्रैल तक समाधान पेटी, ऑनलाइन पोर्टल और शिविर के माध्यम से आवेदन एकत्र प्राप्त किये गए। सुशासन तिहार के पहले चरण में मिले 40 लाख 31 हजार 77 आवेदनों का तेजी से निराकरण किया जा रहा है, जिसमें मांग से संबंधित 39 लाख 49 हजार 733 आवेदन और शिकायत से संबंधित मात्र 81 हजार 344 आवेदन शामिल हैं। द्वितीय चरण में इन आवेदनों का जिला प्रशासन द्वारा तत्परता से निराकरण किया जा रहा है, जबकि तृतीय चरण में 5 से 31 मई तक समाधान शिविरों में मुख्यमंत्री, मंत्री और जनप्रतिनिधि जनता से रू-ब-रू होंगे। यह अभियान न केवल समस्याओं का समाधान कर रहा है, बल्कि राज्य के मैदानी इलाके से लेकर बस्तर जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी जनता का विश्वास जीत रहा है। इस अभियान के उद्देश्य स्पष्ट और व्यापक हैं। जनता की शिकायतों का समयबद्ध निराकरण, शासकीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही स्थापित करना और जनता-शासन के बीच संवाद का सेतु बनाना। विशेष रूप से सुकमा, बीजापुर नारायणपुर, दंतेवाड़ा जिले के सुदूर क्षेत्रों में, जहां प्रशासन की पहुंच सीमित थी, यह अभियान जनता की आवाज को न केवल सुन रहा है, बल्कि त्वरित कार्रवाई के माध्यम से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। नारायणपुर के मुरियापारा में जीवन राम साहू की मांग पर वहां का वार्ड क्रमांक 10 स्ट्रीट लाइट्स से जगमगाने लगा है, जिससे रात में सुरक्षा और सुविधा बढ़ी है। बिलासपुर के कोटा ब्लॉक में मंगल सिंह बैगा को 24 घंटे में ट्राइसाइकिल मिली और दिव्यांग पेंशन की पात्रता सुनिश्चित हुई है। मोहला-मानपुर चौकी जिले के तेलीटोला में जर्जर स्कूल भवन के लिए 15 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। महासमुंद के मनोहर सिंह पटेल को 24 घंटे में आयुष्मान कार्ड मिला, जिसने स्वास्थ्य सुविधाओं तक उनकी पहुंच आसान हो गई है। राजनांदगांव की भारती देवांगन को तत्काल श्रमिक कार्ड प्रदान किया गया, जिससे सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हुआ है। रायपुर के विकास मिश्रा को लर्निंग लाइसेंस मिला। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर की निर्मला जोगी को 15 अप्रैल को राशन कार्ड मिला, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। बस्तर के शम्भूनाथ कश्यप के राशन कार्ड में एक सप्ताह में पत्नी और बेटे का नाम जोड़ा गया, जिससे उनके परिवार को राशन की पूरी सुविधा मिल गई है। रायगढ़ के 80 प्रतिशत दिव्यांग सुदर्शन खड़िया को ट्राइसाइकिल और बैसाखी मिली, जिसने उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया। सुशासन तिहार के सकारात्मक परिणाम समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहे हैं। यह अभियान न केवल व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान कर रहा है, बल्कि सामुदायिक विकास को भी गति दे रहा है। तेलीटोला में स्कूल भवन की स्वीकृति का शिक्षा के क्षेत्र में दीर्घकालिक प्रभाव होगा, जबकि नारायणपुर में स्ट्रीट लाइट्स ने सामुदायिक सुरक्षा को मजबूत किया किया है। बस्तर जैसे क्षेत्रों में राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड जैसे दस्तावेजों का वितरण इस बात का प्रतीक है कि सरकार प्रत्येक पात्र हितग्राही को शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों से लाभान्वित करने के लिए संकल्पित है। यह अभियान प्रशासन की तत्परता और संवेदनशीलता का प्रतीक है, जिसने जनता में यह विश्वास जगाया है कि उनकी छोटी-बड़ी हर मांग सुनी जाएगी। सोशल मीडिया पर यह अभियान 8 अप्रैल से लगातार वायरल हो रहा है। मुख्यमंत्री ने फेसबुक पर लिखा, सुशासन तिहार जनता की उम्मीदों का केंद्र है। इंस्टाग्राम पर नारायणपुर की स्ट्रीट लाइट्स की तस्वीरें साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान रातों को रोशन कर रहा है। सोशल प्लेटफार्म एक्स पर बस्तर जिला प्रशासन ने शम्भूनाथ की कहानी साझा की और लिखा हर परिवार तक पहुंचने का संकल्प। अंबिकापुर से एक अनोखी कहानी सुनने को मिली, जहां एक व्यक्ति ने समाधान पेटी में अपनी शादी करवाने की मांग रखी। यह कहानी प्रशासन तिहार की व्यापक पहुंच और जनता की विश्वास की प्रतीक है। हालांकि यह मांग हास्यप्रद है, लेकिन इससे यह मालूम होता है कि लोग अपनी हर-छोटी बड़ी बात को मंच पर रखने की सहज महसूस कर रहे हैं। जनता में उत्साह है, खासकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में, जहां समाधान पेटी ने ग्रामीणों की आवाज को प्रशासन तक पहुंचाया है। निर्मला जोगी और सुदर्शन खड़िया जैसे हितग्राहियों ने सरकार को धन्यवाद दिया है। एक्स पर जनता की टिप्पणियां, जैसे हमारी समस्याएं सुनी गईं, इसकी सफलता को रेखांकित करती हैं। सुशासन तिहार 2025 शासन और जनता के बीच सेतु बन रहा है। 24 घंटे में ट्राइसाइकिल का मिलना, स्ट्रीट लाइट्स लगना और राशन कार्ड जैसी उपलब्धियां इसकी संवेदनशीलता को बयां करती हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का नेतृत्व और प्रशासन की तत्परता इसे जन-केंद्रित बना रही है, जैसा कि उन्होंने फेसबुक पर लिखा, संकल्प, संवाद से समाधान। सुशासन तिहार वास्तव में छत्तीसगढ़ के विकास, जन सरोकार और जनकल्याण का नया आयाम स्थापित कर रहा है।



## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए कारोबार के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपकी सोच में सकारात्मकता बनी रहेगी और आप बचत पर भी पूरा ध्यान देंगे। आर्थिक विषयों में आपको स्पष्टता बनाये रखनी होगी। आप अपनी जिम्मेदारियों से पीछे नहीं हटेंगे और वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी। आपका कोई पुराना लेनदेन आपके लिए समस्या बन सकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आप किसी छोटी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। भाईचारे की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको किसी काम को लेकर यदि आपका मन परेशान था, तो उसके लिए आप अपनी माताजी से बातचीत कर सकते हैं। आप अपने व्यवसाय में किसी काम को लेकर पार्टनरशिप करेंगे। किसी छोटी दूरी की यात्रा पर जाने की आप योजना बना सकते हैं।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार में संतुलन बनाए रखने के लिए रहेगा। मित्रों का आपको पूरा सहयोग बना रहेगा। कोई खुशखबरी मिलने से मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा। संतान को परीक्षा में अच्छे सफलता मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपको किसी नये वाहन की खरीदारी करना अच्छा रहेगा। आप किसी से बहसबाजी में ना पड़े। आप दिखावे के चक्कर में अत्यधिक धन व्यय कर सकते हैं। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

**कर्क** आज आपके मन में परस्पर सहयोग की भावना बनी रहेगी। कामकाज को लेकर आपकी व्यस्तता बनी रहेगी। साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आपको छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देना होगा। भाई-बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आपको अपने बिजनेस में कोई बड़ा काम मिलने से आपको कुछ और लोगों को भी शामिल करना पड़ सकता है। आप अपने खानपान पर पूरा ध्यान दें।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए मेहनत और लगन से काम करने के लिए रहेगा। नौकरी में आपको किसी अजनबी पर भरोसा नहीं करना है। आपको अपने कामों को समय रहते निपटाना होगा। आपके किसी मित्र से संबंधों में कटुता आ सकती है, इसलिए आप किसी दूसरे की बातों पर भरोसा बिल्कुल ना करें। आप कुछ नया करने की कोशिश करेंगे। आप कामों को लेकर अधिक मेहनत करेंगे। आपको अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को नजर अंदाज करने से बचना होगा।

**कन्या** आज के दिन आपको व्यर्थ के वाद-विवाद में पड़ने से बचने के लिए रहेगा। विद्यार्थी कुछ नया सीखने पर पूरा जोर देंगे। रक्त संबंधों रिश्तों में मधुरता आएगी। माता-पिता आपकी किसी बात को लेकर नाराज रहेंगे। यदि ऐसा हो, तो आप उन्हे मनाने की पूरी कोशिश करें। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। कोई निर्णय आप जल्दबाजी में ना लें। आपके अंदर ऊर्जा अधिक रहेगी, जिससे आप प्रत्येक कामों को करने में तत्पर रहेंगे।

**तुला** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप किसी से कोई महत्वपूर्ण बात को साझा ना करें। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। सरकारी नौकरी में लोगों को प्रमोशन मिलने से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। कोई शारीरिक समस्या आपको परेशानी देगी। आप अपने खर्चों को लेकर योजना बनाकर चलें और जो जरूरी हो उन्हें ही करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए अपने आवश्यक कामों पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। सामाजिक कामों पर आपकी अच्छी छाप रहेगी। आप अपनी कला से अच्छा नाम कमाएंगे। भाईचारे की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपको कार्यक्षेत्र में कोई पुरस्कार मिल सकता है और आपके किए गए कामों की सराहना होगी। आप किसी धार्मिक आयोजन की तैयारी कर सकते हैं। आपको परिवार में किसी सदस्य से किए हुए वादे को भी पूरा समय रहते करना होगा।

**धनु** आज आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी। स्वास्थ्य में चल रही समस्याएं आपको फिर से समस्या दे सकती हैं। आपको किसी दूसरे के मामले में ज्यादा नहीं बोलना है और आप अपने घर की साज-सज्जा पर पूरा ध्यान देंगे। संतान के विवाह में आ रही समस्याएं भी दूर होती दिख रही है। आप अपनी इनकम को बढ़ाने के सोर्स पर पूरा ध्यान देंगे। आप किसी बात को लेकर दिखावा न करें।

**मकर** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप किसी बात को लेकर जिद या अहंकार ना दिखाए। आपकी पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और आपको किसी की कहीसुनी बातों में आने से बचना होगा। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा, लेकिन पार्टनरशिप आपके लिए समस्या खड़ी कर सकती है। जीवनसाथी के साथ मिलकर आप अपने करियर को लेकर कोई बड़ा डिसीजन ले सकते हैं।


**कुंभ** व्यापार कर रहे लोगों के ऊपर काम का दवाब अधिक रहेगा। आपको अपने घर और बाहर के कामों में समानता बनाए रखने की पूरी कोशिश करें। लेनदेन आप किसी अजनबी से ना करें, क्योंकि आपको उस धन के मिलने में समस्या आ सकती है। आपको अपने खर्चों पर लगाम लगाने की आवश्यकता है। विदेश जाकर पढ़ाई करने वाले जातकों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आप सामाजिक कामों में एक अच्छी पहचान बनाएंगे, जिससे आपके जन समर्थन में भी इजाफा होगा।

**मीन** आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। आप राजनीति में आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। आपको कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। निजी मामलों में आप थोड़ा ध्यान देकर कामों को करें। आपको व्यापार में अच्छा लाभ मिलेगा और सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात हो सकती है। आपको किसी धन संबंधित मामले में लापरवाही करने से बचना होगा। आप अपने कामों को लेकर सूझबूझ दिखाएंगे, तभी आपके काम पूरे होंगे।

अक्षय तृतीया विशेष

# अक्षय तृतीया पर गौरय्या को सुराही का गिफ्ट

विजय मिश्रा 'अमित'



बचपन में शौक था अच्छा आदमी बनने का।मेहनत किया,कोशिश की शौक को छोड़ा नहीं।इसीलिए कामयाबी मिली। बचपन बीत गया बचपन का शौक जीत गया। बचपन में शौक था सदैव परहित, दूसरों की खुशी का भी ध्यान रखूंगा। खासकर मुक प्राणी, पेड़ पौधे,नदी तालाब के प्रति जिम्मेदारी निभाऊंगा। ऐसी जिम्मेदारियों को निभाते हुए बचपन से ही ?पक्षियों के लिए घोंसला बनाना? को शौक बना लिया।मुझे अपनी नानी स्व.उमा देवी चौबे,माता पिता श्री नारायण-गीता मिश्रा से इस हेतु प्रेरणा मिली।

**टूटी सुराही से आया आइडिया**-पक्षियों के लिए घोंसला बनाना उनकी हिफाजत करने का शौक मुझे अक्षय तृतीया के दिन अनायास मिल गया। मेरे नाना शिव कुमार चतुवेर्दी सक्ति रियासत के राजपुरोहित थे।अक्ति अर्थात अक्षय तृतीया के दिन छत्तीसगढ़ में ग्रामीण जन विविध सामग्रियों के साथ ही मिट्टी के घड़े, सुराही का दान देने हमारे घर आते थे। एक बार अक्ति के दिन मिले सुराही को मैं देख रहा था तो वह मेरे हाथ से छूट गई और उसका मुंह का सिरा टूट गया। इस पर मेरा मुंह रूंवासा,भयभीत हो गया। मुझे लगा जरूर नानी जी डांटेंगी ,लेकिन मेरी नानी ने कहा- सुराही का मुंह टूट गया तो भी यह उपयोगी है। उहोने सुराही को तार के माध्यम से आंगन में उगे अनार के पेड़ पर लटका दिया। मैं रोज सुबह उठता और सुराही को देखता था।एक दिन मैंने देखा की गौरैया मुंह में तिनका ला ला कर सुराही में घुसती थी।



कुछ दिनों बाद सुराही के अंदर से चीं चीं की आवाज आई। तब मुझे लगा की सुराही से पक्षियों के लिए घोंसला बनाया जा सकता है।

**कटते बृक्ष घटते जंगल भटकते पक्षी**- घटते जंगल, कटते वृक्षों के कारण पक्षियों को वृक्षों का खोह मिलना बंद होते जा रहा है।खोह में घोसला बनाने वाले पक्षी भटकते फिर रहे हैं।खोह की तलाश में भटकते ऐसे पक्षी पेड़ों मुंडेरों पर लटके सुराहियों में आसानी से घोसला बना लेते हैं और वंश वृद्धि सहज कर लेते हैं।अपनी जिंदगी के 66 वर्ष को पूरे करते हुए मैंने सुराही से सैकड़ों घोंसला बनाकर पेड़ पौधों पर,घरों के मुंडेर पर लटका रखे हैं।घर आने वाले मित्रों, मेहमानों को,जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ पर मिट्टी की सुराही से निर्मित पक्षियों का घोंसला गिफ्ट में देता हूं। इच्छूक लोगों को अपने शौक से जोड़ते हुए,घोसला बनाना सिखाता हूं। मेरे यूट्यूब चैनल पर भी इसे डाल रखा हूं,जिसका लाभ हजारों पक्षी प्रेमियों ने लिया है।

**शौक मेरा अर्थ लाभ कुम्हारों का**-ग्रीष्मकाल पक्षियों का प्रजनन काल होता है। इसी मौसम में कुम्हार भी मिट्टी के घड़े सुराही बनाते हैं, अतः जब मैं उनसे बड़ी संख्या में सुराही खरीदता हूं तो उनको अर्थ लाभ होता है उनके जीविकोपार्जन का सहारा बन जाता है। कुम्हारों से खरीदकर पेड़ों पर लटकाए गए सुराहियों को गौरैया, गिलहरी, तोता,उल्लू,पहाड़ी मैना,नीलकंठ, लवबड्र्स, मधुमक्खी आदि सुरक्षित आवास बना लेते हैं। सुराही से घोंसला बनाने के शौकीन जन मुझसे मोबाईल 9893123310 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**दाल में छौंक, जिंदगी में शौक का अलग मजा**-रंग मंच का कलाकार होने के नाते मुझे 1982 से चंदैनी गोंदा,के निमार्ता रामचंद्र देशमुख, सोनहा बिहान के निमार्ता महासिंह चंद्राकर और हिंदी रंगमंच में रामहृदय तिवारी जी के संपर्क में आने का मौका मिला। अपने अभिनय के शौक को पूरा करते हुए रंग मंच पर भी मैं पशु पक्षियों के संरक्षण की बात अवश्य करता हूं। प्रायः मुझसे लोग पूछते हैं ऐसे शौक को पूरा करने में आपका कितना पैसा खर्च होता है? तब मेरा एक ही जवाब होता है कि शौक की कीमत और जिद्द के अंजाम नहीं देखे जाते,क्योंकि दाल में जैसे छौंक का वैसे ही जिंदगी में शौक का महत्व है। आपका शौक यदि परहितकारी परोपकारी है तो वह मनोरंजनकारी, स्वास्थ्य- ज्ञानवर्धक होगा। थकायेगा नहीं बल्कि ऊजार्वान बनाए रखेगा। ऐसे बहुउद्देशीय शौक के लिए व्यय हुए रूपए पैसों की गिनती की बात मेरे दिमाग में कभी आती नहीं। जब जैसे जरूरत पड़े मैं खर्च कर देता हूं।

**बच्चों में बोएं परहितैषी शौक का बीज**-बहुत से लोग माचिस के डिब्बे, सिगरेट के डिब्बे, सिक्के ,बोतल जमा करने जैसे अजीब अजीब शौक पाल के रखते हैं। बृहद अर्थों में देखा जाए तो ऐसा शौक अन्य के लिए उतना उपयोगी नहीं है जितना कि रक्तदान,विद्यादान, श्रमदान,जल दान जैसे शौक बहुजन हिताय बहु उपयोगी है। दूसरों को खुश रखना ही हर मनुष्य की सबसे बड़ी हाबी होनी चाहिए ।बहुत से लोग लावारिस लोगों का अंतिम संस्कार, स्ट्रीट डॉग का लालन-पालन, सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त जानवरों और मनुष्य की त्वरित चिकित्सा का शौक पालते हैं। यह अनुकरणीय नमन योग्य है।



# मनुष्यों की ऊर्जा जरूरत बनी समुद्री जीवों पर खतरा

अपनी चाहतों के चलते हमारी ऊर्जा जरूरतें दिनों दिन बढ़ती जा रही हैं। इनकी पूर्ति के लिए हम नए-नए ऊर्जा स्त्रोत खोजते रहते हैं, अपने देशों में न मिलें तो बाहर से मंगवाते हैं। लेकिन जरा नहीं सोचते कि इन बढ़ती ख्वाहिशों की पूर्ति के लिए चल रहे क्रियाकलापों से जीव-जंतुओं, उनके प्राकृतवासों और पारिस्थितिकी पर कैसे प्रतिकूल असर पड़ेंगे? लेकिन जीव विज्ञानियों, पारिस्थितिकीविदों और पर्यावरण कार्यकताओं को यह चिंता लगातार सताती रहती है। उनकी ऐसी ही एक चिंता है मेक्सिको की एक सबसे बड़ी ऊर्जा परियोजना सगुआरो एनर्जिया परियोजना या टर्मिनल जीएनएल डी सोनोरा परियोजना। TGNLS टर्मिनल मेक्सिको के प्यूर्टो लिबटार्ड में स्थापित किया जा रहा है। इस टर्मिनल से टेक्सास स्थित प्राकृतिक गैस के कुओं से तरल प्राकृतिक गैस विदेशी बाजारों, खासकर एशियाई देशों, को निर्यात की जाएगी। पर्यावरणविद बताते हैं कि इस परियोजना में LNG निर्यात के लिए बड़े-बड़े जहाजी टैंकरों का जो मार्ग निर्धारित किया गया है उसके कारण पहले से ही जोखिमग्रस्त ब्लू व्हेल समेत अन्य समुद्री जीवों के आवास, प्रजनन, भोजन और प्रवास प्रभावित होंगे; उनका जीवन और भी जोखिमपूर्ण हो जाएगा। दरअसल, प्यूर्टो लिबटार्ड कैलिफोर्निया खाड़ी के शीर्ष के नजदीक स्थित है। कैलिफोर्निया खाड़ी को नक्शे में देखेंगे तो पाएंगे कि यह संकरी और लंबी (1100 किलोमीटर लंबी) है। यह जगह कई समुद्री स्तनधारियो (व्हेल जैसे सीटेशियन) का हॉट-स्पॉट है। यह स्थल सीटेशियन्स की तकरीबन 36 प्रजातियों का घर है। यह कई प्रजातियां का भोजन और प्रजनन क्षेत्र है। गौरतलब है कि यहां रहने वाली व्हेल की कई प्रजातियां लुप्तप्राय की श्रेणी में हैं। अब यदि यह परियोजना बनेगी तो खतरे और बढ़ेंगे। बीस साल पुरानी इस परियोजना का स्वरूप और उद्देश्य अपने प्रारंभ के समय से बहुत अलग हो गया है। इस टर्मिनल को मूल रूप से मेक्सिको में गैस आयात करने के लिए डिजाइन किया गया था। लेकिन आयात टर्मिनल कभी बना ही नहीं। फिर 2018 में, मेक्सिको पैसिफिक नामक एक कंपनी ने इस परियोजना को अपने नियंत्रण ले लिया और इसकी डिजाइन को एक निर्यात टर्मिनल में बदल दिया। नई डिजाइन में यह टर्मिनल मूल डिजाइन से तीन गुना बड़ा है। इसके तहत 800 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछेगी, और पाइपलाइन एवं बड़े-बड़े जहाजी टैंकरों के जरिए टेक्सास के कुओं से प्रतिदिन 2.8 अरब क्यूबिक फीट प्राकृतिक गैस मुख्यतः एशिया को भेजी जाएगी। इतने सब तामझाम की लागत 15 अरब डॉलर है। इन्हीं बदलावों के चलते कंपनी को परियोजना का पर्यावरणीय प्रभाव आकलन नए सिरे से करना था।

# अक्षय तृतीया पर रथ की पूजा के बाद रथ निर्माण का कार्य प्रारंभ

■ 27 जून को भगवान जगन्नाथ जी की निकलेगी देश भर में रथयात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**दंतेवाड़ा 30 अप्रैल।** आज अक्षय तृतिया के शुभ अवसर पर जगन्नाथ मंदिर परिसर में खड़े भगवान जगन्नाथ जी की रथ की विधिवत पूजा अर्चना की गई। रथ पूजा के साथ ही आज से रथ निर्माण का कार्य भी प्रारंभ हो गया है। प्रतिवर्ष अक्षय तृतिया तिथि पर ही रथ की पूजा की जाती है। रथ पूजन के साथ ही रथ यात्रा उत्सव का आगाज भी हो जाता है।

गौरतलब है कि हर वर्ष अक्षय तृतिया के शुभ दिन पर ही भगवान जगन्नाथ के रथ की पूजा का विधान है। आज दिन बुधवार 30 अप्रैल को अक्षय तृतिया है। इस खास मौके पर नगर के जगन्नाथ मंदिर के मुख्य पुजारी केदारनाथ मिश्रा ने सुबह 8 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रथ निर्माण शुभारंभ पूजा अर्चना की और भगवान से रथ निर्माण के लिए आज्ञा मांगी।

भगवान परशुराम जी का भी जन्मोत्सव है। लिहाजा आज शाम जगन्नाथ मंदिर में धुमधाम के साथ परशुराम जी की भी जयंती मनाई जाएगी। मंदिर के पुजारी केदारनाथ मिश्रा ने जानकारी देते बताया कि अक्षय तृतिया के खास मौके पर आज सुबह रथ की विधिवत पूजा अर्चना की गई। आज से रथ बनाने की तैयारियां भी शुरू हो गई है।

गौरतलब है कि जगन्नाथ मंदिर स्थापना के बाद से नगर में बीते 4 वर्षो से गोंचा पर्व पर रथ यात्रा निकालने का कार्यक्रम शुरू हुआ है। हर साल की भांति इस साल भी 27 जून को अषाढ शुक्ल पक्ष के द्वितिया तिथि पर धुमधाम के साथ भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाएगी। इससे पूर्व आगामी 12 मई को बुद्ध पुर्णिमा के दिन भगवान को 108 कलशों के पंचामृत जल से स्नान कराया जाएगा।

# पदयात्रा के नाम पर कांग्रेस ढोंग कर रही है:कश्यप

■ 5 साल के कार्यकाल में कांग्रेस ने इंद्रावती के लिए कुछ नही किया।

■ सरकार नदी को वापस स्वरूप में लाने के लिए तत्परता से काम कर रही।

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 30 अप्रैल।** इंद्रावती नदी जल संकट का झूठा ढोंग कर कांग्रेस ढोंगी पदयात्रा का आयोजन कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। उक्त बातें बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा हैं। सांसद ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 5 साल सत्ता में बैठे पीसीसी चीफ दीपक बैज को बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी की तनिक भी चिंता नही हुई है। अगर इंद्रावती नदी के बारे में अपने कार्यकाल में सोच लेते तो आज यह स्थिति उतपन्न नही होती।

श्री कश्यप ने कहा कि इंद्रावती नदी सहित जनता की हर समस्याओं को दूर करने में डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्ध है। इंद्रावती नदी को वापस स्वरूप में लाने भाजपा सरकार के हर एक जनप्रतिनिधि ततपरता से कार्य कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के यशश्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, मंत्री श्री केदार कश्यप के द्वारा लगातार इस ओर कार्ययोजना तैयार की गई है। कांग्रेस सिर्फ राज करने की नीति पर ही कार्य करती है। इंद्रावती नदी को वापस स्वरूप में लाने की ओर हम लगातार कार्य कर रहे है। जो कांग्रेस को नही पच रही हैं। झूठा भृम फैलाकर ढोंग पदयात्रा के माध्यम से कांग्रेस श्रेय लेने का कार्य कर रही हैं। जनता को सभी चीजें पता है कौन इस ओर कार्य कर रहा है। और कौन सिर्फ राजनीति स्टंट कर रहा है। इन्द्रावती नदी पर नए बैराज, 35 हजार हेक्टेयर में सिंचाई,50 टी.एम.सी. जल भण्डारण क्षमता होगी तैयार बस्तर जिले के निराबोया क्षेत्रफल 2 लाख हेक्टेयर है। वर्ष 2018 तक जल संसाधन विभाग ने जिले में 1 मध्यम, 31 जलाशय, व्यपवर्तन, 7 उद्वहन और 29 एनीकट सहित कुल 75 योजनाएं बनाई थीं इनसे 32 हजार हेक्टेयर में सिंचाई की सुविधा जिले में निर्मित हुई।

योजनाएं बजट में शामिल की गई। पांच वर्षों में कुल 141 योजनाओं को बजट में शामिल किया गया इनमें से केवल रू. 150 करोड़ की लागत से 25 योजनाओं की मंजूरी मिली। इनमें से सिर्फ 5 योजनाओं का निर्माण पूरा हुआ। इससे सिंचाई क्षमता में केवल 285 हेक्टेयर की बढ़ोतरी हुई।

वर्तमान सरकार द्वारा वर्ष 2024 में बाकी 15 योजनाओं की निविदा जारी कर वर्तमान सरकार द्वारा बस्तर में सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण एवं सिंचाई सुविधा के विस्तार हेतु वर्ष 2024-25 में 80 योजनाओं को बजट में शामिल कर एक साथ लागत रु.200 करोड़ से 52 योजनाओं की मंजूरी दी गई इनसे 12 हजार हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा मिलेगी। वर्ष 2025-26 में 65 योजनाओं को बजट में शामिल किया गया है इनका सर्वेक्षण कार्य जारी है। योजना को मंजूरी दी थी। यह करेकोट एनीकट योजना थी, जिसकी लागत 18 करोड़ रुपए थी। इसका कार्यादेश वर्ष 2024 में वर्तमान सरकार द्वारा जारी किया गया है। गठन हुआ लेकिन इसकी एक भी बैठक नहीं हुई न ही किसी योजना की अनुशंसा की गई। जबकि वर्तमान सरकार द्वरा वर्ष 2024-25 में मटनार, देउरगांव और महादेवघाट बैराज सह उद्वहन सिंचाई योजना को शामिल किया गया है। वर्ष 2025-26 में नगरनार, एरपुंड, ककनार, बाकेल, नारंगी और भास्केल बैराज को जोड़ा गया है। इन योजनाओं से 50 टीएमसी जल का भंडारण होगा। साथ ही 35 हजार हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा मिलेगी।

इन्द्रावती - महानदी नदी जोड़ो परियोजना का सर्वेक्षण कार्य स्वीकृत किया गया है। इससे 4लाख हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा बनेगी। दिनांक 15 अप्रैल 2025 को प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी ने बस्तर संभाग में सिंचाई परियोजनाओं को गति देने के लिए नवीन मुख्य अभियंता कार्यालय का शुभारंभ किया गया है। इंद्रावती जोरानाला संकट के समाधान हेतु कंटोल स्ट्रक्चर के निर्माण हेतु वर्ष 2010 से 2016 तक कुल 49 करोड़ रु के जल संसाधन विभाग उड़ीसा को प्रदान कर निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया।

## एक नजर



### तेज आंधी से हुए नुकसान को जानने जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र भ्रमण किया

**सुकमा, 30 अप्रैल।** हाल ही में दोरनापाल के विभिन्न वार्डों में तेज़ आंधी के कारण कई घरों और संपत्तियों को नुकसान पहुँचा है। नगर पंचायत अध्यक्षा श्रीमती राधा नायक, उपाध्यक्ष श्री धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, और अन्य जनप्रतिनिधियों ने प्रभावित क्षेत्रों का जायज़ा लिया है। उन्होंने प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए आकलन करने के निर्देश दिए हैं।

### हंसिका का बना आधार कार्ड, सुशासन तिहार के माध्यम से मिल रहा समाधान



**सुकमा, 30 अप्रैल।** मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित सुशासन तिहार आम जनमानस के लिए राहत और विश्वास का प्रतीक बनकर उभरा है। इस अभियान के अंतर्गत अब सरकारी योजनाओं और सेवाओं का सीधा लाभ लोगों तक पहुंच रहा है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर इसका लाभ लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। सुशासन तिहार के माध्यम से समाधान खुद चलकर दरवाजे पर पहुंच रहा है। इसी क्रम में सुशासन तिहार में आवेदन करने पर छिंदगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मेखावाया निवासी हंसिका मरकाम का आधार कार्ड एनरोलमेंट किया गया। शासन के द्वारा आधार कार्ड आने हितग्राही को प्रदान किया जाएगा। उनके पिता ने छत्तीसगढ़ सरकार की इस सुशासन तिहार का प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### जिला पंचायत के संसाधन केन्द्र में भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित



**सुकमा, 30 अप्रैल।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत जिला पंचायत सुकमा में संसाधन केन्द्र हेतु स्वीकृत पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला पंचायत सुकमा के संसाधन केन्द्र हेतु संकाय सदस्य कुल 02 पद (01 पद अनुसूचित जनजाति मुक्त एवं 01 पद अनारक्षित मुक्त) के रिक्त संविदा पदों पर भर्ती हेतु वांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन 30 अप्रैल अपरान्ह 05ः00 बजे तक कार्यालय, जिला पंचायत सुकमा (छ.ग.) में केवल पंजीकृत डाक तथा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। उक्त संविदा रिक्त पद पर चयन हेतु विस्तृत विज्ञापन, पदों की संख्या, निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य जानकारी तथा आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय जिला पंचायत के सूचना पटल पर एवं जिले के वेबसाईट https://www.sukma.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

# क्रेडा ने 24 सोलर ड्यूल पम्प संयंत्रों को सुधार कर कार्यशील किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 30 अप्रैल।** क्रेडा विभाग द्वारा जिला बस्तर के विभिन्न स्थलों में पेयजल व्यवस्था हेतु 1043 नग सोलर ड्यूल पम्प तथा जल जीवन मिषन अंतर्गत 777 नग सोलर ड्यूल पम्प स्थापित किये गये हैं। सोलर ड्यूल पम्प संयंत्र सूर्य की रोशनी से संचालित होता है जिससे ग्राम पंचायत को स्वच्छ ऊर्जा की प्राप्ति के साथ साथ किसी प्रकार के विद्युत देयक वहन नहीं करना पड़ता है। क्रेडा द्वारा ग्राम/ग्राम पंचायत से अकार्यशील होने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल सेवाकर्ता इकाई को भेजकर सुधार कार्य कराया जाता है। स्थापित सोलर ड्यूल पम्प संयंत्र को स्थापनाकर्ता इकाई द्वारा 05 वर्ष तक संचालन/संधारण किया जाता है। 05 वर्ष की समाप्ति उपरांत अर्थात वारंटी अवधि समाप्त वाले सोलर ड्यूल संयंत्रों के संचालन/संधारण हेतु आवश्यक राशि संबंधित संस्था/जिला प्रशासन/शासन से आवश्यक मांग एवं स्वीकृति उपरांत संचालन/संधारण कार्य किया जाता है। क्रेडा जिला कार्यालय बस्तर द्वारा जिले में स्थापित सोलर ड्यूल पम्प संयंत्रों के सुचारू संचालन/संधारण के लिए शासन/जिला प्रशासन से 170 नग स्पेयर पम्प मोटर की मांग की गई है प्राप्त स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत संबंधित स्थलों में स्थापित किया जावेगा । वर्तमान में ग्रीश्मकाल को दृश्टिगत रखते हुए छत्तीसगढ़ षासन/जिला प्रषासन द्वारा अकार्यषील सोलर ड्यूल पम्प संयंत्रों को कार्यषील कर पेयजल व्यवस्था दुरूस्त करने हेतु निर्देषित किया गया है। प्राप्त निर्देष के परिपालन में क्रेडा विभाग द्वारा जिला बस्तर में पेयजल हेतु स्थापित सोलर ड्यूल पम्पों का संचालन/संधारण किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रधान कार्यालय रायपुर द्वारा उपलब्ध कराए गए 11 नवीन स्पेयर पम्प मोटर को संबंधित स्थलों में स्थापित कर सोलर ड्यूल पम्प संयंत्रों को कार्यषील किया गया है स्थलवार विवरणः- ग्राम-आमागुड़ा, बाघनपाल, कोडेनार (कुमापारा), लेण्ड्रा (आवासपारा), छापरभानपुरी (हलवापारा), मावलीपदर (पाण्डेगुड़ापारा), चिडपाल (डोगमापारा), कापानार (स्कूलपारा/नयापारा), चमिया (नेगाराम बघेल घर के पास), कण्डोली (पटेलपारा) तथा विश्रामपुरी (नहरपारा)

इसी तरह जिला कार्यालय स्तर पर खराब एवं सुधार योग्य पम्प मोटर को कार्यषील करके 13 स्थलों में पुनः स्थापित कर सोलर ड्यूल पम्प को कार्यशील किया गया है स्थलवार विवरणः-ग्राम लालागुड़ा (पुजारीपारा), करंजी (डाबरीगुड़ा), टेकामेटा (पटेलपारा), राजूर (स्कूलपारा), धनपुंजी, अटपहरीसेमरा, टलनार, जुनावनी (स्कूलपारा), करमरी, बास्तानार (किसकेपारा), रतेंगा (सरगीगुड़ा), रतेंगा (बडेबदरेंगा) तथा मूतनपाल (डोंगरीपारा)।

## अक्षय तृतीया एंव भगवान परशुराम की जयंती पर महापौर ने दी शुभकामनाएं

**राजनांदगांव 30 अप्रैल।** अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम की जयंती पर महापौर मधुसूदन यादव ने नगर वासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने भगवान परशुराम की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे भगवान शंकर के परम भक्त थे। भगवान शंकर ने ही परशुराम जी को एक अमोघ अस्त्र. परशु प्रदान किया था। इनका वास्तविक नाम राम था, किंतु हाथ में परशु धारण करने से ये परशुराम नाम से विख्यात हुए। ये अपने पिता के अनन्य भक्त थे, पिता की आज्ञा से इन्होंने अपनी माता का सिर काट डाला था, लेकिन पुनः पिता के आशीर्वाद से माता की स्थिति यथावत हो गई। यह ईश्वरीय चमत्कार था और उनकी परीक्षा जिसमें उन्होंने अपने पिता के आदेश पर तत्क्षण भी नहीं सोचा और अंततः ईश्वरीय चमत्कार से माता जी पुनः यथास्थिती में हो गई। भगवान विष्णु के अवतार परशुराम जी का जन्म वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हुआ था. इस वजह से हर वर्ष परशुराम जयंती इस तिथि को मनाई जाती है।

## सहकारी चावल की कालाबाजारी को लेकर संदीप सोनी ने खाद्य अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव, 30 अप्रैल।** सहकारी राशन दुकान में सरकारी चावल लेने की शिकायत को लेकर आज कांग्रेस उत्तर ब्लॉक महामंत्री संदीप सोनी ने कलेक्ट्रेट शाखा पहुंचकर खाद्य विभाग में खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी को उचित कार्यवाही को लेकर ज्ञापन सौपा है। श्री सोनी ने बताया कि सहकारी राशन दुकान में खुले आम बेखौफ होकर सरकारी चांवल खरीदा जा रहा है। जो कि खाद्य अधिनियम के खिलाफ है और गैरकानूनी भी है। जानकारी के अनुसार लखोली, बसंतपुर, नंदई, तुलसीपुर, मोतीपुर, शांति नगर, शकरपुर, मोहारा, इंदिरा नगर सहित शहर के अन्य वार्डों में भी राशन दुकान (कंट्रोल) वाले बड़े किराना दुकान (राशन माफिया) के यहां सरकारी चावल बेच रहे हैं। बाकायदा बड़े किराना दुकान के लड़के राशन दुकान पहुंच कर एक्टिवा में दो से तीन कट्टा लगातार महीने के शुरुआत में 1 तारीख से प्रतिदिन कम से कम 20 से 25 कट्टा सप्लाई करते हैं साथ ही महीने की आखिरी दिन पर भी कम से कम 5 से 10 कट्टा एक्टिवा के माध्यम से बड़े किराना दुकान ले जाने का काम लगातार कर रहे हैं।

परशुराम जयंती...



जगदलपुर। 30 अप्रैल को मिथिला समाज हनुमान मंदिर के समक्ष परशुराम चौक पर भगवान परशुराम की प्रतिमा रखकर पूजन अर्चन किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में सर्व ब्राह्मण समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने विकास कार्यों का भूमिपूजन किया



**जगदलपुर, 30 अप्रैल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपु विधायक किरण सिंह देव, महापौर संजय पाण्डे, एमआईसी सदस्य व पार्षदगणों की उपस्तिथि में आज जगदलपुर नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया। यह कार्यक्रम कैलाश होटल चौक,धरमपुरा में आयोजित किया गया। अग्रसेन चौक से पल्ली नाका तक रोड चौड़ीकरण एवं मरम्मत कार्य (लम्बाई 5द्मद्व) 2791.67लाख, कैलाश होटल धरमपुरा से हनुमान मंदिर तक रोड चौड़ीकरण कार्य (लम्बाई 1 किमी) 250.89लाख, विवेकानंद आश्रम से नेगीगुड़ा होते हुए सर्वोदय स्कूल तक चौड़ीकरण कार्य (लम्बाई 1.45द्मद्व) 281.48लाख।

## आईटीआई कोंटा में 2 अप्रैल और आईटीआई सुकमा में 5 अप्रैल को प्लेसमेंट कैंप

**सुकमा, 30 अप्रैल।** सुकमा एवं अन्य जिले के न्यूनतम 8वीं उत्तीर्ण पुरुष और महिला अभ्यर्थियों के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प के माध्यम से सिक्योरिटी गॉर्ड, सिक्योरिटी सुपरवाईजर और हाउस कीपिंग स्टाफ की भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि निजी क्षेत्र के नियोजक कैपस्टन फैसिलिटीज़ मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद के द्वारा हैदराबाद में कार्य करने हेतु सिक्योरिटी गार्ड 150 पद, सिक्योरिटी सुपरवाइजर 50 पद और हाउसकीपिंग स्टाफ 70 पद पर भर्ती की जायेगी। प्लेसमेंट कैम्प जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोंटा में 2 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सुकमा में 5 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजि क्षेत्र में नियोजित होने के पात्र एवं इच्छुक पुरुष और महिला अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, निवास, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि, मूल दस्तावेज, छायाप्रति पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित उक्त दिवस को प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

■ सिक्योरिटी गार्ड्स, सुपरवाइजर और हाउसकीपिंग स्टाफ के पदों पर होगी भर्ती

## कानून का उल्लंघन करने पर अभिभावक, सगे संबंधी और पुरोहितों के खिलाफ भी कार्रवाई

**सुकमा, 30 अप्रैल।** बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान अन्तर्गत वर्ष 2028-29 तक राज्य को पूरी तरह से बाल विवाह मुक्त करने की कवायद में राज्य सरकार जुट गई है। राज्य सरकार ने राज्य को बाल विवाह से मुक्त करने के संकल्प के तहत अभियान को और अधिक प्रभावशील बनाया है। अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को विवाह आयाजनों में बाल विवाह की संभावना को देखते हुऐ राज्य शासन ने विशेष सर्तकता बरतने के निर्देश दिए हैं। शासन ने सभी संबंधित विभागो पंचायत प्रतिनिधियों और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों से सहयोग की अपील की गई है। यदि किसी व्यक्ति को बाल विवाह की सूचना मिले तो तत्काल जिला बाल संरक्षण अधिकारी, नजदीकी थाना प्रभारी, चाइल्ड लाईन 1098, महिला हेल्पलाईन 181 या आपात कालीन सेवा 112 पर जानकारी देने का अनुरोध किया गया है। कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने बाल विवाह रोकने के लिए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये है। निर्देशों में कहा गया है कि बाल विवाह कानून का उल्लंघन करने पर वर-वधु के अभिवावक सगे-संबंधी बाराती और विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितो पर भी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। माननीय मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में 10 मार्च 2024 को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की शुरूआत की गई थी जिसमें लक्ष्य वर्ष 2028-2029 तक पूर्ण रूप से बाल विवाह मुक्त बनाना है। बाल विवाह को न केवल सामाजिक अभिशाप बल्कि एक गंभीर कानूनी अपराध भी माना गयास है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत 21 वर्ष से कम आयु की लड़की के विवाह को दंडनीय अपराध घोषित किया गया है। जिसमें दो वर्ष तक की सजा अथवा एक लाख रूपये तक का जुर्माना या दोनो का प्रावधान किया गया है। बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की रणनीति अनुसार सभी संबंधित विभाग, स्वयं सेवी संगठनों, ग्राम पंचायतों ,युवा समूहों, नगरीय निकायों, महिला स्वसहायता समूहों आदि द्वारा बाल विवाह रोकथाम हेतु गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन विभिन्न स्तरों पर किया जा रहा है। राज्य में ग्राम पंचायत/नगरीय निकाय स्तर से राज्य स्तर तक आयोजित होने वाली गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की निगरानी/मानिटरिंग के लिए राज्य शासन द्वारा https://www.baalvivahmuktcg.com/ पोर्टल तैयार किया गया है। पोर्टल पर जनसामान्य को बाल विवाह मुक्त छ0ग0 अभियान से संबंधित जानकारी प्राप्त हो सकेगी तथा संबंधित सभी हितधारक बाल विवाह रोकथाम संबंधी गतिविधियों/कार्यक्रमो की अद्यतन जानकारी/शिकायत दर्ज कर सकेगे। इसके अतिरिक्त समस्त ग्राम पंचायतो के सचिव, सेस्टर पर्यवेक्षक एवं परियोजना अधिकारी को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त किया गया है। बाल विवाह की रोकथाम हेतु उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने की अपील की गई है।

## करमरी के सोलर ड्यूल पंप संयंत्र को कार्यशील करने से ग्रामीणों को सुलभ हो रहा पेयजल





**जगदलपुर 30 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के द्वारा जिले के विभिन्न स्थलों में पेयजल व्यवस्था हेतु 1043 नग सोलर ड्यूल पम्प तथा जल जीवन मिषन अंतर्गत 777 नग सोलर ड्यूल पम्प स्थापित किये गये हैं। इसी कड़ी में सुशासन तिहार-2025 में विकासखण्ड बस्तर अंतर्गत ग्राम करमरी भाटागुड़ा पारा के आवेदक श्री गणेश राम द्वारा क्रेडा विभाग से स्थापित सोलर ड्यूल पम्प संयंत्र अकार्यशील होने की शिकायत की गई थी। प्राप्त शिकायत पर क्रेडा कार्यालय द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अकार्यशील संयंत्र को टेक्नीशियन भेजकर तकनीकी समस्या को दुरूस्त करके संयंत्र को गत 21 अप्रैल 2025 को कार्यशील किया गया है। सोलर ड्यूल पंप मरम्मत एवं सुधार हो जाने से ग्रामीणों के समस्या का समाधान होने के साथ ही ग्रीष्मकाल में उन्हें पेयजल सुलभ हो रहा है। क्रेडा द्वारा उक्त समस्या के निदान हेतु त्वरित कार्यवाही कर संयंत्र को कार्यशील करने से ग्रामीणों ने खुश होकर प्रशासन के प्रति आभार जताया है। सहायक अभियंता श्री सिदार ने इस बारे में बताया कि वर्तमान में क्रेडा के द्वारा मरम्मत योग्य सोलर ड्यूल पंपों का परीक्षण कर सुधार निरंतर किया जा रहा है।

# अक्षय तृतीया पर घरों में हुई मां गौरी व भगवान विष्णु की पूजा

■ सोना खरीदने ज्वेलरी दुकानों में महिलाओं की रही भीड़

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**दंतेवाड़ा 30 अप्रैल।** आज अक्षय तृतीया का शुभ दिन है। अक्षय तृतीया पर गणेश गौरी व भगवान विष्णु के पूजा का विधान है अक्षय तृतिया पर भक्त आज अपने अपने घरों में पूजा पाठ एवं तप, जप, होम अनुष्ठान आदि मंगल कार्य कर करने में जूटे हुए हैं।

गौरतलब है कि हर साल बैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष आज 30 अप्रैल 2025 को अक्षय तृतीया पर्व मनाया जा रहा है। अक्षय तृतिया तिथि पर सोने के आभूषण खरीदने का भी विशेष महत्व है। मान्यता है कि यदि अक्षय तृतिया पर सोना चांदी व अन्य चीजों की खरीददारी की जाए, तो आर्थिक लाभ के साथ साथ घर में बरकत भी होती है। ज्योतिषियों के मुताबिक अक्षय तृतिया पर सुबह 6 बजकर 11 मिनट से दोपहर 2 बजकर 12 मिनट पर सोना खरीदने का शुभ मुहुर्त बन रहा है। माना जाता है कि आज के दिन जो भी शुभ कार्य किये जाते हैं उसका अक्षय फल मिलता है इसी कारण इसे अक्षय तृतीया कहा जाता है। अक्षय तृतिया के शुभ अवसर आज हिन्दु धर्मावलंबियों द्वारा घर घर में मां लक्ष्मी गौरी व भगवान विष्णु की विधिवत् पूजा की गई। जल से भरे घड़े, फल फूल, आदि पूजन सामग्रियां भगवान को अर्पित की गई। मान्यतानुसार इसी दिन सृष्टि का शुभारंभ हुआ था तथा भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में भगवान परशुराम का अवतरण हुआ था। यह भी मान्यता है कि इस दिन किया हुआ जप, तप, दान सौ गुना फलदायी होता है। अक्षय तृतीया को विवाह, गृह प्रवेश, वास्तु पूजा के लिए काफी शुभ माना जाता है। अक्षय तृतीया पर खास तौर पर तिल, जौ और चावल के दान का विशेष महत्व है। इस दिन जप, तप, दान, होम तथा पितरों का श्राद्ध करने से अक्षय पुण्य फल प्राप्त होता है।

अक्षय तृतिया तिथि पर शादियां भी खूब होती है। शुभ मुहूर्त होने के चलते अक्षय तृतिया के दिन ज्यादातर शादियां, गृह प्रवेश समेत नवीन प्रतिष्ठानों की पूजा ओपनिंग एवं अन्य शुभ कार्य भी होते हैं। महिलाएं आज तृतिया पर जमकर सोने चॉदी के आभूषण खरीदारी करती दिखीं। ज्वेलर्स की दुकानों में आज सुबह से ही सोना चांदी खरीदने महिलाओं की भारी भीड़ रही। सोना महंगा होने के बावजूद भी सोने की खरीदारी करने महिलाएं दुकानों में पहुंचती रही।

**एक नजर**

## सुशासन तिहार के अंतर्गत छात्रासंघ अध्यक्ष कावेरी साहू की पहल पर लगा महाविद्यालय संकेतक बोर्ड




**महासमुंद, 30 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसरोकार एवं जनसुविधा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय, मचेवा की छात्रा संघ अध्यक्ष कावेरी साहू ने विद्यार्थियों और आगंतुकों की सुविधा के लिए महाविद्यालय मार्ग पर संकेतक बोर्ड लगाए जाने की पहल की।कावेरी साहू ने आवेदन क्रमांक 25544625 400037 के माध्यम से दिशा-सूचक संकेतक बोर्ड की मांग संबंधित विभाग से की। यह मांग शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के माध्यम से प्रेषित की गई। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. एस.बी. कुमार ने मचेवा रोड चौराहा पर शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय का नाम दर्शाते हुए दिशा-सूचक संकेतक बोर्ड स्थापित करवाया।यह संकेतक बोर्ड दूर से ही स्पष्ट दिखाई देता है और अब कॉलेज तक पहुंचने में विद्यार्थियों तथा आगंतुकों को कोई असुविधा नहीं होगी। यह पहल न केवल छात्राओं की सुविधा बढ़ाएगी, बल्कि जनहित में एक सकारात्मक उदाहरण भी प्रस्तुत करती है।छात्रा संघ अध्यक्ष कावेरी साहू ने इस जनोपयोगी कार्य के लिए जिला प्रशासन, उच्च शिक्षा विभाग तथा महाविद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार प्रकट किया।

## सुशासन तिहार में डूमरपाली के महेश राम को मिला किसान किताब



**महासमुंद 30 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार ने न सिर्फ योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाया है, बल्कि आम नागरिकों की जमीनी समस्याओं का त्वरित समाधान कर एक नई मिसाल भी कायम की है। ऐसी ही एक कहानी है–बसना विकासखंड के ग्राम डूमरपाली निवासी श्री महेश राम की।महेश राम एक साधारण कृषक हैं, जिनकी पूरी आजीविका कृषि पर निर्भर है। पिछले वर्ष से वे अपनी भूमि से जुड़ी सुविधाओं से वंचित थे, क्योंकि उनके पास ऋण पुस्तिका नहीं थी। ऋण पुस्तिका के अभाव में उन्हें न तो किसी बैंक से कृषि ऋण मिल पाता था, न ही सरकारी योजनाओं का पूर्ण लाभ। कई बार उन्होंने प्रयास किया, लेकिन उनकी आवाज कहीं ना कहीं दबकर रह जाती थी।जब सुशासन तिहार अभियान की शुरुआत हुई, तो यह उनके लिए एक नई उम्मीद की किरण लेकर आया। उन्होंने ग्राम स्तर पर आयोजित शिविर में अपनी समस्या दर्ज करवाई। उनकी यह छोटी सी पहल, शासन-प्रशासन की सक्रियता के चलते एक बड़ी राहत में बदल गई।कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के कुशल मार्गदर्शन में, बसना तहसील की तहसीलदार सुश्री ममता ठाकुर ने महेश राम की समस्या को प्राथमिकता पर लेते हुए त्वरित कार्यवाही की। समुचित सत्यापन के उपरांत महेश राम को उनकी ऋण पुस्तिका प्रदान की गई।ऋण पुस्तिका हाथ में लेते समय महेश राम की आँखों में चमक थी–यह चमक सिर्फ कागज की नहीं, बल्कि विश्वास और अधिकार की थी। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों का आभार जताते हुए कहा,अब मैं भी अपने खेत की उन्नति के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकूंगा। ये सुशासन तिहार मेरे लिए किसी पर्व से कम नहीं है। यह कहानी सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि सुशासन की उस अवधारणा की है जहाँ हर नागरिक की समस्या को शासन स्वयं सुनता है, समझता है और उसका समाधान करता है।

# काम में दिखे गुणवत्ता और गति का मेल:कलेक्टर

**रायगढ़, 30 अप्रैल।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम-काज की समीक्षा की। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि काम की स्पीड बढ़ाएं। शासन के योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े विषय हों, या लोगों की समस्याओं के निराकरण का मामला हो सभी निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। जहां जरूरी है वहां अधिकारी अपने स्तर पर आपसी समन्वय के साथ कार्यों को पूरा करें, इसमें अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सभी एसडीएम, तहसीलदार और सीईओ जनपद से कहा कि श्रमिकों और समाज कल्याण विभागों से जुड़े प्रकरणों पर अपने स्तर पर भी कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिससे त्वरित रूप से हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने दिव्यांग छात्रों के यूडीआईडी कार्ड निर्माण के बारे में जानकारी ली। जिला शिक्षाधिकारी द्वारा बताया गया कि कुछ छात्रों के कार्ड बनने शेष रह गए हैं। जो विशेषज्ञ चिकित्सकों की अनुशंसा से बनेंगे। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि ऐसे बच्चों को चिन्हांकित कर उनके लिए उनके स्कूल स्तर पर कैंप लगाए जाएं। जहां डॉक्टर्स उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर



कार्ड बनाएं। इसके लिए बच्चों को कहीं जाने की आवश्यकता नहीं पडनी चाहिए।कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बैठक में सीएम जनदर्शन, पीजीएन पोर्टल सहित जनसमस्या निवारण पोर्टल्स में लंबित आवेदनों के बारे में विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आवेदनों का निराकरण समय-सीमा में करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने अगले एक सप्ताह में अधिकारियों को पेंडेंसी क्लियर करने के निर्देश देते हुए कहा कि समय-सीमा से प्रकरण बाहर न हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखें। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने केसीसी निर्माण के संबंध जानकारी ली। उन्होंने हितग्राहियों के आवेदन पर केसीसी कार्ड स्वीकृत करने के लिए बैंक प्रतिनिधि को



संबंधित विभाग के मैदानी अमले के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। जिससे प्रकरणों की स्वीकृति में यदि कोई दस्तावेजी कमी है तो वह तत्काल दूर की जा सके। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि स्पैरो पोर्टल के माध्यम से अधिकारी कर्मचारियों के गोपनीय प्रतिवेदन का मूवमेंट होगा। इसके लिए सभी विभागों से जानकारी ली जानी है। उन्होंने अब तक जानकारी नहीं दिए विभागों को जल्द एनआईसी को जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर श्री रवि राही, अपर कलेक्टर श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश कुमार गोलछा सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### राजस्व अधिकारी निर्धारित तिथियों में कोर्ट में करें सुनवाई

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार से कहा कि कोर्ट के लिए जो तारीख तय करते हैं उसमें अनिवार्य रूप से सुनवाई के लिए बैठें। प्रकरणों में जहां पटवारी प्रतिवेदन को आवश्यकता है उसे 15 दिन के भीतर मंगवा कर प्रकरणों को निराकृत करें। इसमें अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नियमित रूप से प्रकरणों को सुनवाई कर समय-सीमा में निराकृत करें।

### सुशासन तिहार के आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर करें फोकस

कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने सुशासन तिहार के संबंध में अधिकारियों से कहा कि आवेदनों का निराकरण गुणवत्तापूर्ण हो। क्या निराकरण किया गया इसकी जानकारी ऐसी भाषा में लिखें जो आवेदक आसानी से समझ सकें। आवेदनों का निराकरण पूरी संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने जिन विभागों में अधिक संख्या में आवेदन लंबित हैं उन्हें तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए।

### बिना तारपोलिन ढकें मालवाहक ट्रकों की नहीं होनी चाहिए आवाजाही

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने खनिज, पर्यावरण और परिवहन विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि बिना ढकें हुए मालवाहक ट्रकों की आवाजाही नहीं होनी चाहिए। इसके लिए विभाग संयुक्त रूप से जांच और जुर्माने की जो आवश्यक कार्रवाई वह सुनिश्चित करें। परिवहन के दौरान ट्रांसपोर्टर्स और वाहन चालकों में यह व्यावहारिक परिवर्तन आवश्यक है कि गाडियों में तारपोलिन अवश्य ढंका हो।

# जिला बीजापुर के ग्राम गुंजेपर्ती में जिओ का मोबाइल टॉवर प्रारंभ,संचार सुविधा का मिला ग्रामीणों को लाभ

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 30 अप्रैल।** जिला बीजापुर के सुदूर ग्राम गुंजेपर्ती, पुजारीकांकेर, चिंगनपल्ली, नेलाकांकेर, कमलापुर के ग्रामीणों को संचार सुविधा का लाभ मिलेगा। छ.ग. शासन के नियद नेल्ला नार योजना एवं केंद्र की यू एस ओ एफ योजना के तहत दिनांक 28/04/2025 को ग्राम पुजारीकांकेर में मोबाइल टावर की सुविधा शुरू की गई है। मोबाइल टावर की स्थापना से ग्रामीणों को मोबाइल नेटवर्क का लाभ मिलना संभव हो गया है, साथ ही मजबूत नेटवर्क एवं इंटरनेट की सुविधा से ग्रामीण अंचल के पढ़ने वाले छात्रों तथा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को इससे लाभ मिलेगा।

क्षेत्र में सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था, परिवहन की सुविधा के साथ पुलिस एवं प्रशासन द्वारा उठाए गए इस महत्वपूर्ण कदम से क्षेत्र में अब संचार की सुविधा बहाल हो चुकी है। स्थानीय निवासियों को अब अपने परिवार के सदस्यों और अन्य व्यक्तियों से संपर्क स्थापित करने में आसानी होंगी



द्यवर्तमान समय में मोबाइल और इंटरनेट की आवश्यकता और सुविधा को देखते हुए, क्षेत्र में संचार के सुदृढ़ीकरण के लिए मोबाइल टावर स्थापित किए जा रहे हैं । यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर संचार सुविधा मिलेगी और वे देश-विदेश के साथ जुड़ सकेंगे। इसके अलावा, यह कदम क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा ।

## सुशासन तिहार में प्राप्त सीमांकन शिकायतों का निराकरण

**महासमुन्द, 30 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में ÷सुशासन तिहार÷ अंतर्गत ग्रामीण नागरिकों को उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रशासनिक पहल भी शुरू हो गई है । राजस्व प्रकरण का निराकरण किसानों के लिए बहुत अहम है। एक इसी कड़ी में महासमुन्द जिले के ग्राम चौकबेड़ा निवासी श्री बृजप्रसाद ने उपतहसील पटेवा में एक आवेदन प्रस्तुत किया है, जिसमें उन्होंने ग्राम बम्बुरडीह स्थित अपनी कृषि भूमि (खसरा नंबर 490, रकबा 0.28 हे.) का सीमांकन कराने की मांग की हैआवेदक ने बताया कि वे एक कृषक हैं ।

और भूमि की स्पष्ट सीमांकन से उन्हें खेती कार्यों में सुविधा होगी व भविष्य में किसी भी प्रकार के भूमि विवाद से बचा जा सकेगा।इसके साथ ही आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज - बी1, खसरा, नक्शा एवं चालान की प्रति भी संलग्न की गई है।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने जिला प्रशासन सख्त



**बीजापुर, 30 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में बाल विवाह रोकने हेतु सभी विभागों को अभियान की रणनीति के साथ विस्तृत दिशा निर्देश दिये गए है। नोडल विभाग महिला एवं बाल विकास को जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार, जनजागरूकता अभियान करने हेतु निर्देशित किए गए है। प्रदेश में अक्षय तृतीया के मौके पर बड़ी तादाद में शादी का आयोजन होता है जिला प्रशासन ने 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के मद्देनजर बाल विवाह की आशंकाओं के तहत विशेष सर्तकता बरतने के भी निर्देश दिये है फील्ड में विभागीय अमलों को सजग रहने के लिए निर्देशित किया गया है। बाल विवाह के खिलाफ व्यापक जनजागरण अभियान मे तहत गांव में मुनादी, दीवार लेखन, रैली, जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुखों, बीजादूतीर स्वयं सेवकों को अभियान से जोड़कर अपील किया जा रहा है कि जिले को शतप्रतिशत बाल विवाह मुक्त जिला बनाया जाना है। बाल विवाह की सूचना पर तत्काल बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी, ग्राम पंचायत के सचिव, सेक्टर पर्यवेक्षक को दिया जा सकता है साथ ही नजदीकी आंगनबाडी केन्द्र, थाना प्रभारी, चाईल्ड हेल्पलाईन 1098, महिला हेल्पलाईन 181 या आपातकालीन सेवा 112 पर जानकारी देने अनुरोध किया गया है। बाल विवाह को गंभीर कानूनी अपराध मानते हुए 2 साल की सजा या 1 लाख रूपये का जुर्माना या दोनो प्रावधान है। लडकी की उम्र 18 वर्ष से कम एवं लडका का उम्र 21 वर्ष से कम होने पर बाल विवाह की श्रेणी में आते हैं।

# पीएम आवास निर्माण में रायगढ़ ने मारी बाजी,प्रदेश में है पहले पायदान पर

## रिकॉर्ड टाइम में 14 हजार 541 आवासों का निर्माण किया गया पूरा

**रायगढ़, 30 अप्रैल।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत रायगढ़ जिले ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पूरे प्रदेश में आवास निर्माण के मामले में पहले पायदान पर है। रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए समन्वित रणनीति बनाकर मिशन मोड में काम किया गया, जिसका असर रहा कि आवास निर्माण के मामले में रायगढ़ पूरे प्रदेश में टॉप पर रहा। जिले को वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत 60 हजार 609 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ। इनमें से 52 हजार 307 आवासों को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। जिसमें से अब तक 14 हजार 541 आवासों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। यह इस अवधि में पूरे राज्य में सर्वाधिक है।

जिले को मिले इस वृहद लक्ष्य की पूर्ति हेतु जिला प्रशासन द्वारा एक व्यापक रणनीति तैयार की गई। जिला एवं जनपद स्तरीय फील्ड ऑफिसरों को प्रतिदिन ग्राम पंचायतों में निरीक्षण हेतु भेजा गया। इन निरीक्षणों की प्रतिदिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की जाती है। निर्माण कार्य में आ रही जमीनी समस्याओं जैसे कि लेबर, राजमिस्त्री, सेंट्रिंग प्लेट और पानी की उपलब्धता का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कर निर्माण में तेजी लाई जा रही है। वृहद निर्माण वाले ग्राम पंचायतों में शासकीय अधिकारियों- कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक आयोजित कर आवश्यक निर्माण सामग्री को एक स्थान पर संग्रहित किया जा रहा है, जिससे हितग्राहियों को सामग्री क्रय करने में सहूलियत हो रही है। रायगढ़ जिले द्वारा किए गए इन समन्वित प्रयासों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन को जिले में नई गति प्रदान की है।

### आवास प्लस सर्वे में अग्रणी है रायगढ़

रायगढ़ जिले में आवास प्लस सर्वे का काम भी व्यापक स्तर पर चल रहा है। आवास प्लस सर्वे 2024 के माध्यम से पूर्व में छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़ा गया है। जिले में कुल 1 लाख 01 हजार 11 हितग्राही इस सर्वे के माध्यम से जोड़े गए हैं। जिनमें 8 हजार 740 सेल्फ सर्वे व 92 हजार 271 असिस्टेड सर्वे के माध्यम से चिन्हित किए गए हैं।

# अस्पतालों, स्कूलों व कॉलेजों के आसपास न बिके नशे की सामग्री

**धमतरी,30 अप्रैल।** जिले के अस्पताल, स्कूलों और कॉलेजों के आसपास नशे की सामग्रियां की बिक्री पर अब प्रभावी रोक लगेगी। ऐसा करने वाले दुकानदारों या ठेला संचालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही जिले में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार को रोकने के लिए छापेमार कार्रवाई भी होगी। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने इसके लिए सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर ने आज नशामुक्त भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने नशे अवैध कारोबार में शामिल लोगों की पहचान कर कठोर कार्रवाई करने, ऐसी दुकानों, संस्थाओं या घरां की सतत् निगरानी करने, नशे के हॉटस्पॉट की पहचान कर उनका निरीक्षण करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। श्री मिश्रा ने जिले के स्कूलों, कॉलेजों और छात्रावासों में विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताकर जागरूक करने का अभियान चलाने को भी कहा। उन्होंने इसके लिए छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों की विशेष कार्यशालाएं और सेमीनार आयोजित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्थानीय स्तर पर नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए महिला स्वसहायता समूहों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, डॉक्टरों के साथ-साथ गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की भी मदद लेने को कहा। श्री मिश्रा ने शासकीय जिला अस्पताल में संचालित स्पर्श क्लीनिक में नशे की लत से पीड़ित मरीजों के इलाज के साथ-साथ उनकी काउंसिलिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने नशामुक्ति केन्द्रों में लाए गए पीड़ितों को परामर्श और निःशुल्क दवाई देने को भी कहा। कलेक्टर ने जिले में गांजा, अफीम, डोडा, चूरा, शराब, तम्बाखू व अन्य मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर व्यापक कार्रवाई करने को कहा।बैठक में श्री मिश्रा ने जिले में संचालित भारत माता वाहिनियों के कामकाज में तेजी लाने के निर्देश दिए।


# आवापल्ली में एक ही सहकारी बैंक होने से क्षेत्र के किसानों को हो रही है परेशानी

**बीजापुर, 30 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सर्व आदिवासी समाज जिला बीजापुर के आदरणीय सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष , उपाध्यक्ष, सचिव एवं सर्व समाज के सभी सदस्य गणों से सादर निवेदन है कि जिला बीजापुर के अति संवेदनशील क्षेत्र / सुदूर अंचल ब्लॉक उसूर में सहकारी बैंक आवापल्ली में एक ही होने के कारण किसानों को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसे आज ही नहीं पिछले 5 सालों से इस समस्या का समाधान नहीं हो पा रही है जबकि हमारे क्षेत्र में जनप्रतिनिधि से लेकर हमारे समाज के किसान भाइयों के परिवार से बिलॉन्ग करते हैं तब भी इस समस्या का समाधान के लिए कोई आगे जाकर आवाज क्यों नहीं उठा था या इसका समाधान के लिए क्या किया जाए इसको लेकर कुछ अधिकारियों के साथ चर्चा करके इसका समाधान क्यों नहीं किया जा रहा है। पामेड़ क्षेत्र से लेकर बासागुड़ा, आवापल्ली,इलमिडी, उसूर, यह चारों मुख्यालय के अलावा अंदर क्षेत्र के सभी किसान साथियों को लेकर एक इतनी बड़ी समस्या हो रही है तो इसको लेकर क्यों समाज के प्रतिनिधियों से मेरा अनुरोध है कुछ अधिकारियों के साथ मिलकर इसका समाधान के लिए चर्चा किया जाए।

# 28 लाख रुपए के ईनामी सहित 24 माओवादियों ने किया सरेंडर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 30 अप्रैल।** पूर्वी बस्तर डिवीजन परतापुर एरिया कमेटी एवं पश्चिम बस्तर डिवीजन भैरमगढ़ एरिया कमेटी के 28.50 लाख रूपये के ईनामी 14 माओवादियों सहित कुल 24 माओवादियों ० पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया।



समर्पण करने वालों में परतापुर एरिया कमेटी, भैरमगढ़ एरिया कमेटी -एसीएम, पार्टी सदस्य, AOB डिवीजन के पीएलजीए सदस्य, माड़ डिवीजन प्लाटून नम्बर 32 के पार्टी सदस्य, केएएमएस अध्यक्ष, जनताना सरकार स्कूल के शिक्षक, मिलिशिया कंपनी डिप्टी कमांडर, सीएनएम सदस्य, जनताना सरकार सदस्य, सावनार, कमकानार, केशकुतुल, चेरली एवं कंचाल आरपीसी के अन्य सदस्य है शामिल।अंदरूनी क्षेत्रों में नवीन सुरक्षा कैम्प की स्थापना के साथ शासन की विकासोन्मुखी कार्य सड़कों का विस्तार, परिवहन की सुविधा, पानी, बिजली एवं शासन की अन्य जनकल्याणकारी योजना ग्रामीणों तक पहुंचने लगी है। सुरक्षा बलों का ग्रामीणों के साथ हो रहे सकारात्मक संवाद, सामुदायिक पुलिसिंग के तहत् दी जा रही जनकल्याकारी योजनाओं की जानकारी एवं छ0ग0 शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के व्यापक प्रचार प्रसार से माओवादी संगठन से मोहभंग हुआ है।संगठन के विचारों से हुआ मोहभंग और मिली निराशा एवं संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेद, समाज की मुख्यधारा से जुड़कर सुरक्षित पारिवारिक जीवन जीने की चाह के चलते आत्मसमर्पण किया है। 1 जनवरी 25 से अब तक माओवादी घटना में शामिल 213 माओवादी गिरफ्तार हुए, 203 माओवादियो ने आत्मसमर्पण किया एवं जिले में अलग-अलग मुठभेड़ में कुल 90 माओवादी मारे गए है।आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में जुड़ने वाले सभी माओवादियों को प्रोत्साहन स्वरूप 50-50 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया।पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, पुलिस महानिरीक्षक केरिपु सीजी सेक्टर छ0ग0 रायपुर, उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज, उप पुलिस महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स बीजापुर सेक्टर के मार्ग दर्शन व पुलिस अधीक्षक बीजापुर के निर्देशन में जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत डीआरजी, बस्तर फाईटर, एसटीएफ, कोबरा व केरिपु बल के द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासो से तथा छ0ग0 शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति साथ ही छ0ग0 शासन द्वारा चलाये जा रहे नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर पूर्व बस्तर डिवीजन परतापुर एरिया कमेटी एवं पश्चिम बस्तर डिवीजन भैरमगढ़ एरिया कमेटी के - ACM, AOB डिवीजन PLGA सदस्य, PPCM-®x, KAMS अध्यक्ष-02, पार्टी सदस्य-03, सेक्शन डिप्टी कमांडर-01, सीएनएम सदस्य-1 कुल 28.50 लाख रूपये के ईनामी 14 माओवादियों सहित कुल 24 माओवादियों ने 28 अप्रैल को अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किये।आत्मसमर्पित माओवादी के नाम एवं पद इस प्रकार हैं।सुदरू हेमला उर्फ राजेश पिता बुधू हेमला पदनाम- एसीएम/ भैरमगढ़ एरिया कमेटी, वर्ष-2005 से सक्रिय, ईनाम- 05.00 लाख रूपये।कमली मोड़ियम उर्फ उर्मिला पिता चिन्ना मोड़ियमपदनाम- एसीएम/ परतापुर एरिया कमेटी, दिसम्बर 2001 से सक्रिय, ईनाम- 5.00 लाख रूपये।जयमोती पूनेम पिता सन्नू पूनेमपदनाम- पार्टी सदस्य (गंगालूर एरिया कमेटी अंतर्गत गंगालूर एलओएस डिप्टी कमांडर), वर्ष-2011 से सक्रिय, ईनाम- 3.00 लाख रूपये।शामनाथ कुंजाम उर्फ मनेष पिता सोनू कुंजाम, पदनाम- पार्टी सदस्य (एओबी अन्तर्गत सीसीएम उदय का सुरक्षा गार्ड कमाण्डर), वर्ष-2008 से सक्रिय, ईनाम- 2.00 लाख रूपये।चैतु कुरसम ऊर्फ कल्लू पिता सोमलू पार्टी सदस्य पीपीसीएम माड़ डिवीजन अंतर्गत प्लाटून नम्बर 32 का पार्टी सदस्य, वर्ष 2007 से सक्रिय, ईनाम - 2.00 लाख रूपये ।बुच्ची माड़वी ऊर्फ रोशनी पति चैतु कुरसम पदनाम- पार्टी सदस्या, पीपीसीएम माड़ डिवीजन अन्तर्गत प्लाटून नम्बर 32, वर्ष 2012 से सक्रिय, इनाम 2.00 लाख रूपये सुखमति उरसा पिता लक्खू उरसा,पदनाम- केशकुतुल आरपीसी जनताना सरकार सदस्या/केएएमएस अध्यक्ष, वर्ष-2009 से सक्रिय, 2.00 लाख रूपये।सोमली हेमला पति सुक्कू हेमला पदनाम- मनकेली आरपीसी केएएमएस अध्यक्ष, वर्ष-2008 से सक्रिय, ईनाम - 2.00 लाख रूपये।बुज्जी पदम पिता सन्नू पदम पदनाम - पीएलजीए सदस्य एओबी डिवीजन अन्तर्गत डीव्हीसीएम अरूणा की गार्ड, वर्ष 2015 से सक्रिय, ईनाम 1.00 लाख रूपये ।सुक्को पुनेम उर्फ मंजूला पिता लक्खू पुनेम पदनाम- पार्टी सदस्या (सीआरबी/सीसीएम सेकेट्री ओएससी/ मनोज उर्फ भास्कर उर्फ बालाकृष्णा उर्फ बालन्ना उर्फ रामचन्द्रम का सुरक्षा गार्ड ), वर्ष-2017 से सक्रिय, ईनाम - 1.00 लाख रूपये। हिड़मे वेको उर्फ जुगनी पिता हुंगा वेको ु, पदनाम- पूर्व बस्तर डिवीजन अन्तर्गत आमदाई एरिया कमेटी पार्टी सदस्या, वर्ष-2008 से सक्रिय, ईनाम -1.00 लाख रूपये।सोनी कोरसा उर्फ ललिता पिता सोम्बारू कोरसा पदनाम- गंगालूर एरिया कमेटी अन्तर्गत पार्टी सदस्या/ गंगालूर एरिया कमेटी जनताना सरकार स्कूल शिक्षक, वर्ष 2006 से सक्रिय, ईनाम- 1.00 लाख रूपये। ।लच्छा ताती उर्फ पोटका पिता मासा ताती उम पदनाम- सावनार/कोरचोली मिलिशिया कंपनी सी सेक्शन डिप्टी कमाण्डर, वर्ष-2007 से सक्रिय, ईनाम- 1.00 लाख रूपये । आयतू कोरसा उर्फ एक्का पिता डोग्गा कोरसा, पदनाम- सावनार आरपीसी जनताना सरकार सदस्य/कृषि शाखा अध्यक्ष, वर्ष-2002 से सक्रिय ।आयतू कोवासी पिता मासा कोवासी पदनाम- केशकुतुल आरपीसी जनताना सरकार सदस्य, वर्ष-1995 से सक्रिय। महेश माड़वी पिता कोसा माड़वी उर्फ मल्ला पदनाम- कमकानार आरपीसी जनताना सरकार सदस्य/डॉक्टर टीम अध्यक्ष, वर्ष-2006 से सक्रिय।रोनी ताती पिता सोमलू ताती पदनाम- सावनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्या, वर्ष-2010 से सक्रिय।शांतू कोवासी उर्फ बोक्के पिता गुण्डरू कोवासी पदनाम- केशकुतुल आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य, वर्ष-2020 से सक्रिय ।तुलसी पुनेम पति रमेश मोडियम.पदनाम- मनकेली आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्या, वर्ष-2017 से सक्रिय ।सनकू कोवासी पिता अंदो कोवासी, पदनाम - केशकुतुल आरपीसी डीएकेएएमएस सदस्या, वर्ष-1995 से सक्रियजग्गू कुरसम पिता बुधरू कुरसमपदनाम मनकेली आरपीसी पडियोरा कमेटी सदस्य/ग्राम मनकेली ग्राम सेल सदस्य वर्ष 2007 से सक्रिय, मनकू राम कड़ती उर्फ गुटटा पिता मंगारू कड़ती र, पदनाम- चेरली आरपीसी मिलिशिया सदस्या प्लाटून सदस्य, वर्ष 2019 से सक्रिय।पायकू हेमला पिता सन्नू हेमला पदनाम- चेरली आरपीसी जनताना सरकार सदस्य/विद्या संस्कृति शाखा अध्यक्ष।

### 2 मई तक वृहद स्तर पर होंगे जनचौपाल

**बीजापुर, 30 अप्रैल।** जिला बीजापुर अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का आंकलन करने के लिए जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में 30 अप्रैल 2025 से 02 मई 2025 तक जन चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिला,जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों को ग्राम पंचायत में निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर ग्रामीणों के साथ चौपाल आयोजित करते हुए ग्राम पंचायत की मूलभूत सुविधाओं एवं आवश्यकताओं पर परिचर्चा करने

# भाटापारा में नगर पालिका अध्यक्ष शर्मा ने किया प्याऊ घर का उद्घाटन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 30 अप्रैल।** शासकीय नगर पालिका कन्या उच्च.माध्यमिक विद्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के कर कमलों द्वारा शीतल जल प्याऊ घर का उदघाटन किया गया। अत्यंत हर्ष की बात है कि नगर पालिका कन्या उच्च. माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र जोशी के मार्गदर्शन में स्काउट/गाइड दल के सहयोग से प्याऊ घर संचालित किया जा रहा है। इसका संचालन रानी दुर्गावती गाइड दल एवं प्रभारी शिक्षिका सुशीला साहू के सहयोग से आमलोगों को शीतल जल उपलब्ध कराने हेतु यह प्याऊ घर निश्चित ही बस स्टैंड यात्री, रेलवे स्टेशन यात्री गण एवं राहगीरों लाभप्रद सिद्ध होगी। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर एवं फल तोड़कर शीतल जल मटके में डालकर प्याऊ घर का विधिवत उद्घाटन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से शंकर वार्ड के पार्षद नंदू वैष्णव, पूर्व पार्षद आशीष पुरोहित, नीरा साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति एवं समस्त सदस्यगण, स्काउट प्रभारी श्रवण सिंगरौल, विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामजी पाल, बी.आर. सी सी. दुर्गेश शर्मा, मुकेश देवांगन, समन्वयक सुशीला वर्मा, प्रधान पाठिका, नंदकिशोर शर्मा संतोष अग्रवाल (दाऊजी) एवं शाला परिवार से एम.पंसारी, हरनारायण यादव, सुनीता देवांगन, वर्षा वर्मा सुमित वर्मा, योगेश्वर यादव दलेश्वरी ठाकुर एवं शाला की सभी छात्राएं शामिल रहे। उक्त प्याऊ घर शासन के निर्देशानुसार हिमांशु भारतीय जिला शिक्षा अधिकारी सह जिला आयुक्त एवं सुरज कसार जिला स्काउट समन्वयक की प्रेरणा से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के टीकाराम साहू व्याख्याता के द्वारा आभार प्रकट किया।

# आक्रोश रैली निकालकर फूंका आतंकवाद का पुतला



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 30 अप्रैल।** जम्मू कश्मीर में पहलगाम की बैसरन घाटी में आतंकियों ने बीते 22 अप्रैल को 28 लोगों की हत्या कर दी सिमगा नगर में हिन्दू समाज ने अपना आक्रोश व्यक्त करने रैली निकाली रैली जय स्तंभ चौक में पहुंचने पर आतंकवाद का पुतला दहन किया गया प्रशासन से अनुविभागीय अधिकारी सिमगा अंशुल वर्मा को राज्य पाल एवं पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा गया जहां उपस्थित लोग ने ने मोमबत्ती जलाई और दो मिनट का मौन रखकर बलिदानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इस दौरान रैली में पाकिस्तान आतंकवाद मुर्दाबाद और भारत माता की जय करें गूंजते रहे रैली में धीरज जैन चंद्रमणि तिवारी नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया अभिजीत अवस्थी योगराज देवांगन टीका जायसवाल विजय देवांगन अंकित पांडे युवा ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## ऑल इंडिया लीनेस क्लब ने राहगीरों के लिए पानी एवं डस्टबिन की व्यवस्था की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 30 अप्रैल।** ऑल इंडिया लीनेस सिमगा क्लब के सदस्यों द्वारा गर्मी को देखते हुए चौराहे पर राहगीरों को ठंडे पानी की व्यवस्था करवाई गई पूरी गर्मी भर राहगीरो को शुद्ध व ठंडा पानी मिलेगा। नगर स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरुकता के तहत डस्टबीन बांटना। चिंताहरण श्री हनुमान मंदिर के प्रांगण में, डस्टबीन रखीं,गुपचुप ठेला पानठेला को बांटे। बाजार में गन्ना रस दुकान ,मिट्टी के बर्तन घड़ा सकोरा आदि बेचने वाले फलठेला वाले जहां जहां गंदगी दिखी उस स्थान के ठेले वालों को डस्टबीन वितरण किया गया। लोगो को भी हमारे कार्यक्रम के सार्थकता पर खुशी हुई। स्वचछता पर किया गया एक बहुपयोगी पहल है। यत्र तत्र कचरे नहीं पडे रहेंगे पर्यावरण मे शुद्धता आएगीधीरज जैन चंद्रमणि तिवारी नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया अभिजीत अवस्थी योगराज देवांगन टीका जायसवाल विजय देवांगन अंकित पांडे युवा ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## एक नजर

### पीपीटी प्रवेश परीक्षा: शा.ई.व्ही.पी.जी. कालेज को मार्गदर्शन केंद्र बनाया गया

**कोरबा 30 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित पी0पी0टी0 प्रवेश परीक्षा 01 मई 2025, गुरूवार को पूर्वान्ह 09.00 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित होगी। जिला कोरबा में दिनांक 01 मई 2025 की परीक्षा 03 परीक्षा केन्द्रों में 1200 परीक्षार्थी सम्मिलित होगें। परीक्षार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शास0, ई.व्ही.पी.जी. महाविद्यालय रजगामार रोड कोरबा को मार्गदर्शन केन्द्र बनाया गया है। जिसका दूरभाष नं0 07759-221458 है ।

### कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की शिकायतें

**कोरबा 30 अप्रैल।** कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आमनागरिको की समस्याओं को सुना। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को सम्बंधित अधिकारियों को प्रेषित कर समय-सीमा के भीतर निराकरण के निर्देश दिए हैं। जन दर्शन में कुल 120 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर जनदर्शन में भूमि सीमांकन,पट्टा,खाता विभाजन, जाति प्रमाण पत्र, पेंशन, वन अधिकार पत्र, प्रधानमंत्री आवास,राशनकार्ड,बिजली बिल,आदि के आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम बांधाखार निवासी निषा नायक ने जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन दिया। अखरापाली के सुरेष केवट ने भूमि संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। चोटिया के सम्मान सिंह और ष्यामदास ने बालको प्रबंधन द्वारा अनुचित श्रम व्यवहार पर कार्यवाही करने की मांग की। ग्राम पथरी के चेतराम कौषिक और विजय कौषिक ने नक्षा बटाकंन,की अर्जी लगाई। समारु सिंह ने ग्राम सिंदूरगढ़,पसान में मनरेगा से भूमि समतलीकरण और बकरी रोड निर्माण की मांग की। ज्ञानेन्द्र कुमार और राकेष कुमार के द्वारा वार्ड नंबर 44 नेहरूनगर में किए गए बेजा कब्जा की षिकायत की।

### छुरा में भगवान परशुराम जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया

# समाज की एकता व सेवा का लिया संकल्प



■ **सर्व ब्राह्मण समाज ने किया भव्य आयोजन**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 30 अप्रैल।** नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल मानस मंदिर छुरा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का प्राकट्य दिवस (जन्मोत्सव) सर्व ब्राह्मण समाज छुरा द्वारा बड़े ही भक्ति भाव, धार्मिक उल्लास एवं सामाजिक समरसता के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः काल भगवान परशुराम जी की विधिवत पूजा-अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। समाज के वरिष्ठजनों, युवा वर्ग एवं महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर आयोजन को गरिमा प्रदान की।

पूजा-अर्चना के उपरांत सर्व ब्राह्मण समाज छुरा तहसील की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समाज की गतवर्ष की गतिविधियों की समीक्षा की गई। साथ ही, शिक्षा, स्वास्थ्य, सांस्कृतिक आयोजन, समाज सुधार और युवाओं को जागरूक करने हेतु आगामी वर्ष की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। समाज के पदाधिकारियों द्वारा युवाओं को समाज सेवा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

बैठक के दौरान पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष भारतीय नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।सभी उपस्थितजनों ने मृत आत्माओं की शांति हेतु एक मिनट का मौन रखकर शोक संवेदना प्रकट की।

कार्यक्रम के समापन के पश्चात भव्य भंडारा एवं प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सदस्यों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।महिला मंडल और युवाओं द्वारा प्रसादी वितरण में विशेष सहयोग दिया गया।

इस पावन अवसर पर छुरा तहसील के सर्वब्राह्मण समाज अध्यक्ष अशोक मक्खु दीक्षित, उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा, वीरेंद्र पाण्डेय, धनंजय शुक्ला, लखन प्रसाद तिवारी, कामता तिवारी, नरेंद्र तिवारी, मेषनंदन पाण्डेय, विनोद तिवारी, अजय दीक्षित, संजय दीक्षित, रमेश त्रिपाठी, यज्ञेश प्रसाद पाण्डेय, युवा शैलेंद्र दीक्षित, अखिल चौबे, रितेश दीक्षित, हितेश दीक्षित, प्रहलाद त्रिपाठी, रुपेश शर्मा, दीनबंधु शर्मा, नन्नू तिवारी, ओ पी द्विवेदी, सज्जन शर्मा, हरि नारायण, अक्षत तिवारी, मनोज दुबे, त्रिवेदी, सर्वेश शर्मा, प्रदीप मिश्रा, सुशील मिश्रा, हेमंत तिवारी एवं छुरा समस्त विप्र गण उपस्तिथ थे।

# शौचालयों के जीर्णोद्धार के लिए नपा अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 30 अप्रैल।** नगर पालिका भाटापारा क्षेत्र अंतर्गत संत माता कर्मा वार्ड, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, रामसागर वार्ड, मुंशी इस्माइल वार्ड एवं रविदास वार्ड के शौचालयों के जीर्णोद्धार हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूजा-अर्चना कर विधिवत कार्य की शुरुआत की गई। नगर की स्वच्छता और नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं की दृष्टि से यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं समयानुकूल माना जा रहा है।

शौचालयों के जीर्णोद्धार से वार्डवासियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिलेगा, साथ ही यह पहल स्वच्छ भारत मिशन को भी मजबूती प्रदान करेगी। नगर पालिका परिषद द्वारा इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही सभापति गोविंद पटेल, मनीष मिश्रा, पार्षद नंदू वैष्णव, संतीश साहू, चंद्रप्रकाश ध्रुव (मोंटू), कीर्तन जायसवाल, शिव वर्मा, चरण धिवर, तरुण यादव, बिक्कु यादव, धनेश तिवारी, कैलाश ध्रुव एवं सुशील वर्मा उपस्थित रहे।

## पीपीटी प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र अध्यक्ष एवं ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए

**कोरबा, 30 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा कोरबा जिले में आयोजित पी0पी0टी0 प्रवेश परीक्षा 01 मई 2025 गुरुवार को पूर्वान्ह 09.00 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित होगी। कार्यालय कलेक्टर कोरबा के द्वारा परीक्षा के लिए अधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख दर्शित परीक्षा केन्द्रों में प्रशासनिक पर्यवेक्षक (आबजर्वर) नियुक्त किया गया है, तथा यह निर्देशित किया जाता है कि परीक्षा तिथि 01.मई 2025 को गोपनीय सामग्री प्राप्त करने हेतु अपने वाहन के साथ जिला कोषालय कोरबा में प्रातः 7:00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें। सभी पर्यवेक्षक संबंधित परीक्षा केन्द्रों की गोपनीय सामग्री प्राप्त कर परीक्षा प्रारंभ होने के एक घण्टा पूर्व परीक्षा केन्द्रों में पहुंचायेंगे एवं परीक्षा के प्रारंभ से परीक्षा समाप्ति तक व्यापम के निर्देशो का पालन करायेंगे तथा गोपनीय सामग्री परीक्षा समाप्ति पश्चात् समन्वयक केन्द्र, शास0 पी0जी0 कालेज कोरबा में जमा करेंगें। समस्त प्रशासनिक पर्यवेक्षको(ऑब्जर्वर )की 30.अप्रैल 2025 को शास0 पी0जी0 कालेज कोरबा में दोपहर 12.00 बजे ब्रिफिंग हेतु बैठक रखी गई है। उक्त बैठक में सभी आब्जर्वर/ रिजर्व आब्जर्वर/ केन्द्राध्यक्षों/ उड़नदस्ता दल को उपस्थित होना अनिवार्य है। परीक्षा हेतु अधिकारियों को ऑब्जर्वर एवं केंद्र अध्यक्ष बनाया गया है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला- बालोद (छ.ग.)**

ई कोर्ट नं. ........
ग्राम- बालोद
तहसील- बालोद

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती प्रीति जैन पति श्री प्रतीक जैन निवासी ग्राम सदर रोड बालोद तहसील बालोद जिला बालोद द्वारा ग्राम बालोद प.ह.नं. 06 स्थित भूमि खसरा नं. 737/47 रकबा 0.02 हे. गैर कृषि - आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 14/05/25 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 24/04/2025 को जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला- बालोद**

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED**
(A Chhattisgarh Government Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ADDL.C.E (S&P) Dr. SPM TPS, KORBA (EAST), DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. - (07759) 228501, TELEFAX -228501 Email: sepnw.dspmke@cspc.co.in

**E-TENDER NOTICE NO.-3143/2025**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced Contractors/bidders for the work as mentioned below for DSPM TPS, CSPGCL, Korba (East):-

| S. N. | Tender Specification No. | RFx No. (E-Tender No.) | Particulars | Qty | Last Date/ Time of submission of bid. | E.M.D. (Rs) | Tender Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 16-06/DSPM TPS/S&P /AHP/T-3143/2025 | 8100042912 | Work Contract for AOH of AHP of Unit No.1 of 2X250 MW DSPM TPS Korba East | As per tender schedule | 19.05.2025 15:30 Hrs | 7430/- | 590/- |

NOTES:-(1)For more details, Tender Documents along with Annexures visit our website :-**http://www. cspc.co.in > ebidding > ebidding web portal ORhttp://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.** [Helpline no. 0771-2576672 (EITC, CSPDCL) between 11.00 AM to 05.30 PM on all working days]Any Corrizendum / amendment, if required, shall be displayed on above website only.

**SAVE ELECTRICITY**

SUPRINTENDING ENGINEER (Contract)
DSPM TPS, CSPGCL, KORBA, EAST

**Samvad-43674/1**

**कार्यालय, कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा), जिला-उत्तर बस्तर कांकेर**

एन.आइ.टी. क्रमांक/01/आ.वि./निर्माण/2025-26/354 कांकेर, दिनांक 28/04/2025

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**
**(प्रथम सूचना)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से निम्नांकित कार्य के लिए कार्यालय कलेक्टर, (सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा) जिला उत्तर बस्तर कांकेर के कार्यालय में नीचे दर्शाए गए विवरण के अनुसार एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत 'D' श्रेणी एवं इसमें ऊपर श्रेणी के ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची जो 01.01.2015 से प्रभावशील एवं अद्यतन संशोधन सहित एस.ओ.आर. पद्धति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है कार्य पूर्ण करने की अवधि 03 माह (वर्षा काल सहित) होगी।

1-ई निविदा प्रारंभ तिथि - 28.04.2025
2-ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 14.05.2025
3-निविदा प्रपत्र की चालान एवं अमानत राशि (एफ.डी.आर.) प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि (स्पीड पोस्ट से) - 19.05.2025
4-निविदा खोलने की तिथि - 20.05.2025

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का नाम/स्थान का नाम | निविदा की राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | अमानत राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 167463 | एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय नरहरपुर, जिला कांकेर में ऑल वेदर एप्रोच रोड निर्माण कार्य | 72.00 | 3000.00 | 0.54 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट-**https://eproc.cgstate.gov.in** पर में देखे जा सकते हैं।

**सहायक आयुक्त**
आदिवासी विकास, कांकेर

जी- 252600554/4

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई**

**(संपत्तिकर विभाग)**

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2025/125/34 भिलाई, दिनांक 25/4/2025

**//स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना//**

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम, भिलाई के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा:-

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती ज्योति पाण्डेय, पति श्री जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, निवासी म.नं. 824, सड़क 12, शांति नगर, कोहका, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती सुमन सोनी, पति श्री पुकुल प्रसाद सोनी, निवासी म.नं.-67, पंप हाउस, सोनिया गांधी नगर, पावर हाउस, खुर्सीपार, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका (वार्ड न. 10 शांति नगर कोहका वार्ड के शांति नगर सड़क 12 अंदर भाग) भिलाई, प्लाट नं 68 का भाग, खसरा नं. 6165/11, रकबा 1800 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 2 | स्व. रामकिशुन सिन्हा आ. स्व. बिरजू सिन्हा, बजरंग पारा कोहका, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) से सुखिया पति रामकिशुन सिन्हा एवं सोहन लाल सिन्हा आ. स्व. रामकिशुन सिन्हा, निवासी म.नं.-115, बजरंग पारा, कोहका, सुपेला भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्री सोहन लाल सिन्हा आ. स्व. रामकिशुन सिन्हा, निवासी म.नं.-115, बजरंग पारा, कोहका, सुपेला भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | वारिसान | वार्ड न.-8 रानी अवंति बाई कोहका वार्ड अतर्गत बजरंग पारा अंदर भाग भिलाई, खसरा न.- 3287/1 एवं 3523. रकबा 0.010, 0.020 हे., आवासीय भवन निर्मित। |
| 3 | अमित राज अग्रवाल, पिता स्व. नंद किशोर अग्रवाल, निवासी 57, वार्ड 36, न्यू खुर्सीपार, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के तरफ से आम मुख्तयार संतोष कुमार सिंह, पिता श्री नागेन्द्र सिंह, निवासी रोड नं. 18. (छ.ग.) वॉर्ड नं.-21, केम्प-01, सुपेला भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | भूषण कुमार अग्रवाल, पिता श्री सतोष कुमार अग्रवाल, निवासी 68, मेन मार्केट, शिव मंदिर के पास, न्यू खुर्सीपार, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग | बिक्रीनामा | न्यू खुर्सीपार आवासीय व्यवस्थापन योजना के अन्तर्गत भिलाई, (वार्ड न.-32 न्यू खुर्सीपार राधाकृष्ण मंदिर वार्ड के राधाकृष्ण मंदिर न्यू खुर्सीपार बंगाली पारा अंदर भाग) भिलाई, भूखंड सर्वे क्रमाक 234. कुल क्षेत्रफल - 30.26 वर्गमीटर, आवासीय भवन निर्मित। |
| 4 | श्रीमती ममता चौरसिया, पति- श्री संतोष चौरसिया, निवासी हा.नं.-50, स्ट्रीट-07, वार्ड नं.-07, आनंदपुरम फेस-1. दुर्गा नगर वेस्ट कोहका भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती शमा परवीन, पति शेख वाहिद अहमद, निवासी ब्लॉक नं. 11/बी. स्ट्रीट नं.-03. बी. मार्केट के पास सेक्टर-1 भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, (वार्ड न.-09, कोहका पुरानी बस्ती वार्ड के कोहका पुरानी बस्ती से लगा साकेत नगर अंदर भाग) भिलाई, खसरा नं. 4834/1, रकबा 2250 वर्गफीट, रिक्त भूमि। |
| 5 | रेखा सिंह पति अमर कुमार सिंह, निवासी वार्ड नं. 11, सड़क नं.- 14, शांति नगर कोहका भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | खुशी डिगा पति निलेश डिगा, निवासी एम.आई. जी.-160, वार्ड नं. 10, वैशाली नगर सुपेला भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, वार्ड न. 10 शांति नगर कोहका वार्ड (श्वेतांबर जैन मंदिर से यूनिक अपार्टमेट होते हुये जीरो रोड रेम्बो बार तक मुख्य पर) भिलाई, खसरा नं.- 7533, रकबा 1600 वर्गफीट, रिक्त भूमि। |
| 6 | वी. राधाकृष्णन् नायर आ. श्री के. वासु पिल्लई, निवासी-म.नं. 297/सी, इन्द्रप्रस्थ नगर, (फौजी नगर) वार्ड नं. 27. मिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) के तरफ से आम मुख्तयार श्रीमती सुधा कुरूप ध.प. श्री उन्नीकृष्णा कुरूप, निवासी- प्लाट नं.-47, कैलाश नगर, कुरूद भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती सुधा कुरूप ध.प. श्री उन्नीकृष्णा कुरूप, निवासी- प्लाट नं.-47, कैलाश नगर, कुरूद भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | इन्द्रप्रस्थ नगर फौजी नगर आवासीय सह व्यवसायिक व्यवस्थापन योजना के अंतर्गत, आबंटित भूखंड/भवन, वार्ड क्र. 27 गुरु घासीदास नगर वार्ड अंदर भाग भिलाई, भूखण्ड क्रमांक-297, ब्लॉक क्रमांक- सी, क्षेत्रफल 540 वर्गफीट, भवन निर्मित। |
| 7 | श्री हरबंस लाल अरोरा, पिता स्व. श्री भवानीदास अरोरा, निवासी शनि मंदिर के पास, शिक्षक कालोनी, कालोनी, न्यू खुर्सीपार भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती बबीता छाबडा, पति स्व. मनीष कुमार, निवासी शनि मंदिर के पास, शिक्षक कालोनी, कालोनी, न्यू खुर्सीपार भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | दान पत्र | न्यू खुर्सीपार वार्ड न. 32. के अतर्गत न्यू खुर्सीपार आवासीय व्यवस्थापन योजना राधा कृष्ण मंदिर, अंदर भाग भिलाई, प्लाट नं.-सर्वे क्रमांक- 191/1, क्षेत्रफल 125.40 वर्गमीटर, आवासीय भवन निर्मित। |
| 8 | 1. संजय खैरवार, पिता स्व. जनार्दन प्रसाद, निवासी जासमिन-24, चौहान ग्रीन वैली, जुनवानी भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.). 2. दीपक कुमार, पिता स्व. जनार्दन प्रसाद, निवासी-जासमिन-24, चौहान ग्रीन वैली, जुनवानी भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती नंदनी देशमुख, पति स्व. ओमप्रकाश देशमुख, निवासी म.नं. 73. वार्ड नं. 01. माजरा टोला कुसमी, तह. बेरला, जिला- बेमेतरा (छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी, जुनवानी वार्ड, वार्ड क्र. 01 (जुनवानी चौक से चिखली नाला धमधा रोड की ओर अंदर भाग) (चौहान ग्रीन वैली) भिलाई, खसरा नं. 15012/1 का टुकड़ा, प्लाट नंबर जासमिन-24. क्षेत्रफल - 775 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |

**उपायुक्त (संपत्तिकर)**

**एक नजर**

## सरयूपारीण ब्राह्मण सभा ने परशुराम जन्मोत्सव में किया मठा वितरण



**रायपुर, 30 अप्रैल।** ब्राम्हण कुल गौरव भवान विष्णु के छठे अवतार चिरजीवी भगवान परशुराम जी का अवतरण दिवस सरयूपरीण भवन स्थित तुलसी कक्ष में सरयूपारीण ब्राह्मण सभा छत्तीसगढ़ के द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर भगवान परशुराम जी की पोटो पूर माल्यार्पण कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। साथ ही सरयूपारीण समाज के आधारस्तम्भ विश्व प्रसिद्ध ग्रन्थ रामचरित मांनस के रचईता तुलसी दास जी की पूजा एव आरती की गई। सरयूपारी ब्राह्मण समाज की महिला मंडल द्वारा भगवान परशुरामजी का जन्मोत्सव मनाते हुए भवन के बाहर मुख्य द्वार के पास पंडाल लगा के मठा एव शीतल जल का वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ सुरेश शुक्ला अध्यक्ष एवम समाज के सर्व डी एस परोहा,कैलाश तिवारी,विजय कांत मिश्रा राजेन्द्र प्रसाद दुबे, एन डी तिवारी चन्द्रशेखर द्विवेदी, आदि उपस्थित थे।

## अक्षय तृतीया पर घट स्थापना



**रायपुर, 30 अप्रैल।** वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया को अक्षय तृतीया का पर्व दूधाधारी मठ एवं जैतू साव मठ में श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 9-30 बजे घट स्थापना करके भगवान लक्ष्मी नारायण जी की विधिवत पूजा अर्चना की गई। आरती संपन्न होने के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर राजेमहन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने अपने संदेश में कहा कि- अक्षय तृतीया का पर्व प्रत्येक वर्ष वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाया जाता है इस दिन किया गया प्रत्येक कार्य अक्षय होता है इसलिए इस तिथि को दान पुण्य का विशेष महत्व है। अक्षय तृतीया के दिन सुबह स्नान ध्यान से निवृत होने के पश्चात घट स्थापित करके भगवान हरि एवं माता लक्ष्मी जी की विधिवत पूजा अर्चना करनी चाहिए। अपने समर्थ के अनुसार दान पुण्य भी करना चाहिए।

# माओवादी हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा में आएं: साव

- पहलगाम आतंकी हमले पर कांग्रेस राजनीति ना करें, केंद्र सरकार ने की त्वरित कार्रवाई

**रायपुर, 30 अप्रैल।** उप मुख्यमंत्री साव ने आज माओवादियों के शांति वार्ता के प्रस्ताव पर कहा कि, हमारी सरकार ने माओवादियों से बार-बार शांति का मार्ग अपनाने की अपील की है। नक्सली हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़े, सरकार स्वागत करने के लिए तैयार है। साव ने कहा कि, हमारी सरकार ने माओवादियों के कल्याण के लिए नई राहत और पुनर्वास नीति बनाई है। लेकिन जो हथियार उठाकर चलेंगे उसके साथ हमारे सुरक्षा बल के जवान कार्रवाई करेंगे। साव ने कहा कि, बीजापुर में जो आपरेशन चल रहा है, उससे नक्सली भयभीत है। पिछले 15 महीने में हमारे जवानों ने कई ऑपरेशन चलाए है, जिसमें उन्हें बड़ी सफलता मिली है। सरकार मार्च 2026 तक प्रदेश को नक्सल मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक नहीं होने और कहीं स्वीकृत पद से अधिक शिक्षक होने की शिकायत आती है। बच्चों की पढ़ाई पर इसका बुरा असर पड़ता है। सभी स्कूलों में बराबर शिक्षकों की व्यवस्था के लिए युक्तियुक्तकरण करना आवश्यक हो गया है। सरकार इस दिशा में आगे कदम उठा रही है, ताकि आगामी शिक्षण सत्र में स्कूलों की व्यवस्था ठीक हो सके।



साव ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा पहलगाम हमले पर संसद के विशेष सत्र बुलाए जाने की मांग पर कहा कि, विपक्ष इस मामले पर विशुद्ध तौर पर राजनीति कर रही है। केंद्र सरकार ने घटना के बाद त्वरित कार्रवाई की है। गृह मंत्री अमित शाह जी तत्काल कश्मीर पहुंचे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी विदेश यात्रा छोड़कर आए। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक हुई। इसमें महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इसके बाद सर्वदलीय बैठक भी हुई।

## नल खुलने के दौरान बंद रहेगी बिजली

**रायपुर, 30 अप्रैल।** पानी की किल्लत के कारण गुरूवार से सुबह और शाम के वक्त नुल खुलने के दौरान बिजली को आधे घंटे तक बंद करने की मांग कि गई है. इसके लिए निगम आयुक्त विश्वदीप ने बिजली विभाग के अफसरों को पत्र लिखा है। रायपुर निगम आयुक्त विश्वदीप का कहना है कि गर्मियों में पानी की जरूरत बढ़ने पर लोग टुल्लू पंप का इस्तेमाल करते हैं, इस कारण अंतिम छोर तक पर्याप्त मात्रा में जल आपूर्ति नहीं हो पाती है, जिससे लगातार अस्थायी जलसंकट के संबंध में शिकायते प्राप्त हो रही है. सभी नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जलप्रदाय की समयावधि सुबह 6:15 से 6:45 और शाम 6:15 से 6:45 बजे तक प्रतिदिन 1 मई से 15 जून 2025 तक प्रभावित स्थानों पर विद्युत सप्लाई बंद रखा जाना उचित होगा।

## राजभवन में जालसाजी का आरोपी बंदी


**रायपुर, 30 अप्रैल।** महामंडलेश्वर अजय रामदास मप्र के छिंदवाड़ा से गिरफ्तार। छग की तात्कालिक राजपाल अनुसुइया उईके के लेटर पेड चोरी कर कई फर्जी लेटर किए थे जारी लेटर पेड़ पर कई प्रशासनिक अधिकारियों को भी जारी किए थे। फर्जी नोटिस राजभवन के सचिव ने साल 2019 में दर्ज करवाई थी एफआईआर। छिंदवाड़ा में भेष बदलकर छिपा हुआ था आरोपी महामंडलेश्वर अजय रामदास। आरोपी को छिंदवाड़ा से लेकर रायपुर पहुंची पुलिस मप्र के छिंदवाड़ा जिले में भी धोखाधड़ी के कई मामले है दर्ज।

## श्री शिवमहापुराण कथा का समापन

**रायपुर, 30 अप्रैल।** खम्हारडीह में 22 से 29 अप्रेल को आयोजित शिव महा पुराण कथा का समापन आज हुवा ज्ञात रहे 22 को प्रारंभ हुये भव श्री शिव महापुराण की कथा का अविरलधारा कोपरा (राजिम) निवासी पुजारी महाराज श्री हलधर नाथ योगी (साहित्यरल )से सम्मानित हास्य कवि के भीमुख सम्पूर्ण वार्ड वासी श्रवण किये। आयोजन समिति के प्रमुख दिनेश साहू ने बताया कि प्रथम दिवस 22 अप्रेल को भव्य कलश यात्रा से श्रीगणेश हुआ, जिसमें सैकड़ों की संख्या में आयोजक परिवार सहित मोहल्ले की महिलाये सामिल हुए ,23 अप्रैल को शिव कथा माहत्म की कथा हुई, 24अप्रैल को शिव प्रागट्य की कथा हुई।

# भारत स्काउट-गाइड जिला संघ ने बस स्टैंड में प्याऊ घर खोला

**रायपुर, 30 अप्रैल।** बढ़ती गर्मी और तपती धूप में बस से यात्रा करने वाले यात्रियों के गले को तर करने लू से बचाव करने की कोशिश को लेकर आज भारत स्काऊट गाइड जिला संघ रायपुर के द्वारा मठपारा टिकरापरा स्थित अंतरजातीय बस स्टैंड में प्याऊ घर प्रारम्भ किया। जिला मुख आयुक्त डॉ शुक्ला ने कहा कि पुरातन परम्परा रही है जल दान करने व प्यासे को पानी पिलाने की। इसी परम्परा का निर्वाह भारत स्काऊट गाइड के द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है।इसमे सामाजिक ,राजनेताओं सभी वर्गों के सहयोग से स्काउटर,गाइडें रेंजर रोवहर मिलकर जल सेवा करते है। इस अवसर पर श्री जी स्वामी अध्यक्ष जिला संघ श्री विजय खंडेलवालआयुक्त,मृत्युंजय शुकला सचिव श्रीमती रिया जयश्री नायक पार्षद महामाया पारा वार्ड श्री मृत्युंजय शुक्ला जिला सचिव ,लक्ष्मी नायक जिला संगठन आयुक्त गाइड , श्रीमती आरती राजपूत गाइडर उपस्थित थे।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26